● जयपुर, मंगलवार, 3 सितंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 19 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 विद्याधर नगर सेटेलाइट हॉस्पिटल का काम तत्काल शुरु करें : उप मुख्यमंत्री....
पेज @4 तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में बाढ़ से मची तबाही 9 लोगों की मौत...
पेज @8 राज्य सरकार शेखावाटी क्षेत्र में नहर के पानी के लिए लगातार काम कर...

# मुख्यमंत्री ने जयपुर से मदुरई-रामेश्वम् तीर्थ यात्रा स्पेशल ट्रेन को दिखाई हरी झण्डी

## तीर्थ स्थल हमारी सांस्कृतिक विरासत और समृद्ध संस्कृति का प्रतीकः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 2 सितंबर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे जीवन में तीर्थ यात्रा का बहुत महत्व है। हमारे तीर्थ स्थल सांस्कृतिक विरासत और समृद्ध संस्कृति का प्रतीक है तथा हमारी संस्कृति में भी इनकी असाधारण महिमा बताई गई है। उन्होंने कहा कि तीर्थ स्थलों पर जाने से मन को शांति मिलती है तथा नई ऊर्जा एवं सकारात्मकता का संचार होता है।

शर्मा ने सोमवार को दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत जयपुर से मदु-रई व रामेश्वरम् के लिए इस वित्तीय वर्ष की प्रथम तीर्थ यात्रा स्पेशल ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के मन में यह उत्कंठा एवं हार्दिक इच्छा रहती है कि वह अपने जीवन काल में महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों की यात्रा कर आत्मिक सुख प्राप्त करे। मगर कुछ लोग आर्थिक अभाव और अन्य कारणों से तीर्थ यात्रा पर नहीं जा पाते। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह खुशी की बात है कि राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना का सर्वाधिक लाभ समाज के ऐसे तबके को मिल रहा है।






### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमारी संस्कृति के संरक्षक

» मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश पर आताताइयों का कई बार आक्रमण हुआ, जिन्होंने हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे सांस्कृतिक केन्द्रों को संरक्षित और विकसित किया है। वे हमारी संस्कृति के संरक्षक हैं। उनके कर कमलों से अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का सदियों पुराना भारत का सपना पूरा हुआ है। साथ ही वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण जैसे अभूतपूर्व कार्यों से हमारी सांस्कृतिक विरासत मजबूत हुई है।

### 780 वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा रामेश्वरम् दर्शन का लाभ

जयपुर से मदुरई एवं रामेश्वरम् हेतु 7 दिवसीय यात्रा के लिए रवाना हुई विशेष ट्रेन में जयपुर, दौसा, सवाईमाधोपुर एवं कोटा जिले के लगभग 780 वरिष्ठजन यात्रा कर रहे हैं। इस तीर्थ यात्रा में यात्रियों की देखरेख के लिए हर कोच में 2 सरकारी कर्मचारियों की अनुदेशक के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही यात्रियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए ट्रेन में एक डॉक्टर, 2 नर्सिंग अधिकारी तथा सुरक्षाकर्मी भी मौजूद हैं। इस अवसर पर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, बालमुकुंदाचार्य, गोपाल शर्मा, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, देवस्थान विभाग की शासन सचिव श्रीमती शैली किशनानी, उत्तर पश्चिम रेलवे के डीआरएम विकास पुरवार सहित वरिष्ठ तीर्थयात्रीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### राज्य सरकार इस वर्ष 36 हजार वरिष्ठजन को कराएगी तीर्थ यात्रा

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार आस्था धामों के विकास और वरिष्ठ जनों को तीर्थ यात्रा करवाने जैसे कार्य कर रही है। इस वर्ष के प्रारंभ में लगभग 3 हजार तीर्थ यात्रियों को श्री राम लला के दर्शन हेतु अयोध्या की यात्रा करवाई जा चुकी है। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत इस साल 36 हजार तीर्थ यात्रियों में से 15 हजार तीर्थ यात्रियों को अयोध्या, 15 हजार तीर्थ यात्रियों को अन्य तीर्थ स्थलों की यात्रा करवाई जाएगी, जिनमें रेल द्वारा रामेश्वरम्-मदुरई, जगन्नाथपुरी, तिरूपति, द्वारकापुरी-सोमनाथ, वैष्णो देवी-अमृतसर, प्रयागराज-वाराणसी, मथुरा-वृंदावन -बरसाना, सम्मेद शिखर-पावापुरी-बैद्यनाथ, उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रयम्बकेश्वर (नासिक), गंगासागर (कोलकाता), कामाख्या (गुवाहटी), हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या, मथुरा-अयोध्या, बिहार शरीफ, वेलकानी चर्च (तमिलनाडु) की यात्रा शामिल है। साथ ही, 6 हजार तीर्थ यात्रियों को काठमांडू (नेपाल) स्थित पशुपतिनाथ मंदिर की हवाईजहाज से तीर्थ यात्रा भी करवायी जाएगी। उन्होंने कहा कि इन तीर्थ यात्रियों के आवागमन, परिवहन, भोजन, आवास व्यवस्था इत्यादि समस्त व्यवस्थाएं राज्य सरकार द्वारा की जाएगी, जिस पर लगभग 80 करोड़ रुपये का व्यय होने का अनुमान है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य बजट में प्रमुख धार्मिक एवं तीर्थ स्थलों का विकास कराने की घोषणा की गई है। इसके साथ ही प्रदेश के 600 मन्दिरों में त्यौहारों पर सजावट के लिए 13 करोड़ रुपये की राशि भी मंजूर की गई है।

**न्यूज़ अपडेट**

### माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन, तीन श्रद्धालुओं की मौत

**कटड़ा/एजेंसी।** माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग से बड़ी खबर सामने आई है।खबर यह है कि यहां लैंडस्लाइड हुआ है जिसमें दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि एक लडकी गंभीर रूप से घायल है। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ ने पुष्टि की है कि मंदिर के रास्ते पर पत्थर गिरने और भूस्खलन की घटना हुई है। श्राइन बोर्ड की आपदा प्रबंधन टीम तुरंत मौके पर पहुंची और प्रभावित लोगों को बचाने और सहायता प्रदान करने के प्रयास जारी हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजकर 35 मिनट पर भवन से तीन किलोमीटर आगे पंछी के पास भूस्खलन हुआ, जिससे ऊपरी लोहे की संरचना का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया

### नए ट्रैक्टर की खुशी में जटाशंकर धाम जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटी, 4 की मौत

**दमोह/एजेंसी।** दमोह जिले के मगरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले फतेहपुर गांव के समीप रविवार रात जटाशंकर धाम जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में 35 से अधिक घायल हो गए। यह सभी श्रद्धालु नए ट्रैक्टर से ट्रैक्टर का पूजन करने के साथ ही सोमवती अमावस्या पर भगवान के दर्शन करने के लिए जा रहे थे, लेकिन रात 11:00 बजे ट्रैक्टर खाई में पलट गया। सभी घायलों को तत्काल ही इलाज के लिए हटा सिविल अस्पताल और जिला अस्पताल भेजा गया। सोमवार सुबह मृतकों के पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जिले के बटियागढ़ ब्लॉक के घूघस गांव निवासी मन्नू राज गोंड ने नया ट्रैक्टर लिया था। इसका पूजन कराने वे गांव के अन्य लोगों के साथ रविवार रात छतरपुर जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र जटाशंकर धाम जाने के लिए निकले थे।

**केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक**

# कृषि व किसानों के लिए 13,966 करोड़ की सात योजनाओं को मंजूरी

नयी दिल्ली । एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सोमवार को किसानों के जीवन और आजीविका में सुधार के लिए 13,966 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ सात प्रमुख योजनाओं को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज सात योजनाओं को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आज इन फैसलों की जानकारी दी।

अश्वनी वैष्णव ने बताया कि कृषि क्षेत्र में सुधार और किसानों का जीवन बेहतर करने के लिए सरकार ने आज सात बड़े फैसले लिये हैं। इसके तहत 2817 करोड़ रुपये की लागत से डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन, 3979 करोड़ से खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए फसल विज्ञान, 2291 करोड़ से प्रबंधन और सामाजिक विज्ञान को सुदृढ़ बनाना, 1702 करोड़ से सतत पशुधन स्वास्थ्य एवं उत्पादन, 860 रुपये के कुल परिव्यय के साथ बागवानी का सतत विकास, 1,202 करोड़ रुपये से कृषि विज्ञान केंद्र का सुदृढ़ीकरण और 1,115 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन जैसे सात कार्यक्रम शामिल हैं।

**कृषि क्षेत्र में सुधार और किसानों का जीवन बेहतर करने के लिए सरकार ने लिये फैसले**

### 1,202 करोड़ रुपये से कृषि विज्ञान केंद्र का होगा सुदृढ़ीकरण



### गुजरात के साणंद में स्थापित की जाएगी सेमीकंडक्टर यूनिट

**कायन्स सेमीकॉन प्राइवेट लिमिटेड स्थापित करेगा सेमीकंडक्टर यूनिट**

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** केंद्र सरकार ने गुजरात के साणंद में सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित किए जाने को मंजूरी प्रदान की है। 3,300 करोड़ की लागत से यह यूनिट भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत कायन्स सेमीकॉन प्राइवेट लिमिटेड स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सोमवार को इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।

### इंदौर से मुंबई को जोड़ेगी नयी रेल लाइन

**18,036 करोड़ रुपये की नयी रेलवे लाइन परियोजना को मिली मंजूरी**

नयी दिल्ली । एजेंसी

कैबिनेट ने दो प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों-मुंबई और इंदौर के बीच सबसे छोटी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 309 किलोमीटर लंबी नयी लाइन परियोजना को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने रेल मंत्रालय के तहत 18,036 करोड़ (लगभग) रुपये की कुल लागत के साथ नयी रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है।

इंदौर और मनमाड के बीच प्रस्तावित नयी लाइन सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और गतिशीलता में सुधार करेगी, जिससे भारतीय रेलवे को बेहतर दक्षता और सेवा विश्वसनीयता मिलेगी। यह परियोजना 2 राज्यों यानी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के 6 जिलों को कवर करती है, जिससे भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क बढ़ेगा।

परियोजना से 102 लाख मानव दिवस का रोजगार पैदा होगा। इससे मध्य प्रदेश के श्रीअन्न उत्पादन क्षेत्रों का महाराष्ट्र के प्याज उत्पादक क्षेत्रों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इस परियोजना में 30 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा, जिससे आकांक्षी जिला बड़वानी को कनेक्टिविटी मिलेगी। नयी लाइन परियोजना लगभग 1,000 गांव और करीब 30 लाख आबादी को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

### पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लो के घर के बाहर फायरिंग

● लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने कुत्ते की मौत मारने की दी धमकी



**नई दिल्ली/एजेंसी।** पंजाब के मशहूर सिंगर एपी ढिल्लों के घर के बाहर फायरिंग होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार ये फायरिंग गायक के कनाडा स्थित घर के बाहर हुई है। वहीं मौके पर पुलिस भी पहुंच चुकी है।

कनाडा में हुई फायरिंग के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हुई है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि मशहूर सिंगर एपी ढिल्लो के बंगले पर यह फायरिंग हुई है। कुछ महीने पहले सलमान खान के घर के बाहर भी इसी तरह की फायरिंग हुई थी। मशहूर सिंगर के घर के बाहर फायरिंग की घटना के अलावा कनाडा में एक और जगह फायरिंग हुई है। फायरिंग की जिम्मेदारी लॉरेंस विश्नोई-रोहित गोदारा गैंग ने ली है। पोस्ट में लिखा है कि 1 सितंबर की रात कनाडा में दो जगहों पर हमने फायरिंग करवाई है, जिसमें एक विक्टोरिया आईलैंड और वुडब्रिज टोरंटो है, जिसकी जिमेदारी हम लेते है- रोहित गोदारा, लॉरेश विश्नोई।

पोस्ट में सलमान खान के साथ एपी ढिल्लो के रिश्ते का जिक्र है। एपी ढिल्लो का घर कनाडा के विक्टोरिया आईलैंड में है।

# दुष्कर्म के मामले और राष्ट्रपति की चिंता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर की अस्पताल में दुष्कर्म के बाद हत्या की शर्मनाक घटना पर राष्ट्रपति की पीड़ा ध्यान देने योग्य है। उन्होंने बहुत दर्द भरे शब्दों में कहा कि मैं निराश और भयभीत हूं। 09 अगस्त को कोलकाता में हुई इस दर्दनाक घटना के बाद उनका यह पहला बयान है। उन्होंने स्पष्ट लिखा कि कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों पर इस तरह के अत्याचार की अनुमति नहीं देता। देश के साथ–साथ उन्होंने भी आक्रोशित होते हुए कहा कि जिस समय छात्र, डॉक्टर और नागरिक कोलकाता में प्रदर्शन कर रहे थे, ऐसे समय भी यौन पिपासु लोग अन्यत्र शिकार की तलाश में घात लगाए हुए थे। उन्होंने दिसम्बर 2012 में दिल्ली में निर्भया के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की चर्चा करते हुए कहा कि कुछ बच्चों ने मुझसे बड़ी मासूमियत से इस घटना के बारे में पूछा, मगर क्या उन्हें ऐसी घटना आगे घटित न होने का भरोसा दिया जा सकता है। निश्चित ही इस समय महिला उत्पीड़न से जुड़े मुद्दों पर समाज को ईमानदार और निष्पक्ष रहकर आत्ममूल्यांकन करने की महती आवश्यकता है।

राष्ट्रपति के बयान के आलोक में यदि महिला उत्पीड़न से जुड़ी हालिया घटनाओं का मूल्यांकन करें तो ज्ञात होता है कि अभी हाल ही में कोलकाता में डॉक्टर के साथ किए गए यौन व्यभिचार से देशभर में फैले आक्रोश और प्रदर्शनों के बीच विधायिका की बदरंग तस्वीर भी सामने आयी है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की ओर से जारी हालिया रिपोर्ट में 16 वर्तमान सांसदों और 135 विधायकों पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध में मुकदमें दर्ज हैं। इतना ही नहीं बल्कि दो सांसदों और 14 विधायकों पर दुष्कर्म के मामले चल रहे हैं। खास बात यह है कि बंगाल के जनप्रतिनिधि ऐसे मामलों का सबसे अधिक सामना कर रहे हैं। उधर, हेमा समिति की रिपोर्ट के बाद केरल के फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों के शोषण का मामला आजकल चरम पर है। बदलापुर, महाराष्ट्र में अबोध बच्चियों का त्रासद प्रकरण, असम में 14 साल की बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं तो हमारी आंखों के सामने ही हैं। इनके अलावा प्रतिदिन समाचार पत्रों में यौन उत्पीड़न और बलात्कार जैसी घटनाओं की बड़ी संख्या से गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति महोदया की महिला उत्पीड़न को लेकर यह पीड़ा अनायास ही नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट बताती है कि यहां 16 मिनट में एक यौन दुष्कर्म घटना होती है। साथ ही प्रत्येक घण्टे महिलाओं के विरुद्ध 50 अपराध घटित होते हैं। इनमें 10 फीसदी से भी अधिक यौन दुष्कर्म की घटनाएं 18 साल से कम उम्र के नाबालिगों के साथ घटित होती हैं। कहना न होगा कि आज देश और प्रदेशों के विभिन्न हिस्सों में मासूम लड़कियों और महिलाओं के साथ होने वाली यौन उत्पीड़न की वारदातों ने देश व समाज को झकझोर कर रख दिया है। लगता है, निर्भया यौन उत्पीड़न की घटना के बाद समाज की सोच में कोई खास परिवर्तन नहीं आया है। यही वजह है कि देश में यौन हिंसा की लगातार बढ़ती घटनाओं को लेकर तरह–तरह की प्रतिक्रियायें सामने आ रही हैं। इतना ही नहीं ऐसी घटनाओं को रोकने के सभी उपाय निष्फल होते दिख रहे हैं। देश–विदेश के स्तर पर जो भी रिपोर्ट सामने आ रही है, उनमें भी यौन हिंसा के बढ़ते ग्राफ को लेकर चिंता साफ झलक रही है। कहना न होगा कि बलात्कार जैसी घिनौनी वारदातों से न केवल देश बल्कि विदेशों तक में अपनी साख को बट्टा लग रहा है। देश में ऐसी घटनाओं का लगातार बढ़ना निश्चित ही गंभीर चिंता का विषय है। यौन उत्पीड़न की अधिकांश घटनाएं आज कानूनविदों और समाजशास्त्रियों को नए सिरे से सोचने को मजबूर कर रही हैं। इस संदर्भ से जुड़े कुछ और आंकड़े खुलासा करते हैं कि भारत में यौन उत्पीड़न के मामले में लगभग 93 फीसदी दोषी पीड़िता के ही परिचित होते हैं। इन आंकड़ों की तकलीफ देय तस्वीर यह है कि 31 फीसदी यौन हिंसा और छेड़खानी में पीड़ित लड़कियों की उम्र 14 साल से भी कम रही है। मामला चाहे महिला छेड़छाड़ का हो अथवा यौन हिंसा का, इन सभी घटनाओं को अब किसी एक सामाजिक पैमाने से नहीं मापा जा सकता। आज इसके गहन अध्ययन के लिए एक बहुआयामी वस्तुनिष्ठ मापनियों की जरूरत महसूस की जा रही है। लेकिन फिर भी लगातार बढ़ती यौन हिंसा की इन घटनाओं पर कम से कम एक हालिया सामाजिक–मनोवैज्ञानिक दृष्टिपात करना जरूरी हो जाता है।

इसमें कोई शक नहीं कि सूचना तकनीक ने आज की दुनिया में खलबली मचा दी है। गांवों से लेकर महानगरों तक मोबाइल और इंटरनेट ने बच्चों, युवाओं और महिलाओं के बीच अपना पूरा दखल बना लिया है। असल स्थिति यह है कि आप सड़क के किनारे तक से सस्ते से सस्ता इंटरनेट सिम खरीद कर पूरी दुनिया की अच्छी–बुरी सैर कर सकते हैं। यहां तक कि प्रचुर मात्रा में पोर्न साहित्य तक भी इन्हीं सिम में कैद है। कोलकाता से जुड़ी घटना में अभियुक्त भी इस पोर्न का ही आदी पाया गया है। दूसरी ओर संयुक्त परिवार के टूटने और छोटे परिवारों में मां–बाप और बच्चों के बीच बढ़ती दूरी और संवादहीनता ने टीनएजर्स के बीच सोशल मीडिया के रुप में संवाद का एक नया नेटीजन पीयर ग्रुप पैदा कर दिया है। ध्यान रहे यह नेटीजन समूह ही उनके हर तरीके के सुख–दुख और अच्छे बुरे में पूरी तरह हमसाज है। मां–बाप को इस सच्चाई को समझने की फुर्सत ही नहीं है कि पोर्न उनके बच्चों के बेडरूम तक पहुंच गया है। उल्टे वे इस सच्चाई से दूर भाग रहे हैं। सच तो यह है कि पोर्न का प्रभाव ही यौन सबंधों के ढांचे को नई यौन प्रयोगशाला में रूपान्तरित कर रहा है। बढ़ते यौन आवेग के पीछे कहीं न कहीं इस मुद्दे को भी समाहित करना समीचीन होगा। दूसरी ओर इस संदर्भ में यह भी देखने में आ रहा है कि आज सबसे अधिक हिंसा उन लड़के–लड़कियों पर हो रही है, जो या तो घर से बाहर रह रहे हैं अथवा वे समाज के कमजोर सामाजिक–आर्थिक वर्ग से आते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 16 दिसम्बर को दिल्ली में हुए निर्भया काण्ड के पश्चात बलात्कार के दोषियों के प्रति कानून की सख्ती हुई है। इसके बाद भी बालिग के साथ–साथ कहीं–कहीं नाबालिग अपराधी तक अब बलात्कार के बाद पीड़िता की हत्या करके सबूत मिटाने पर आमादा हैं। सबसे दुखद यह है कि यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों में राजनीति और कानून से जुड़े पुरोधाओं के गैर जिम्मेदाराना बयानों ने भी इन व्यभिचारियों के हौसले बुलंद किये हुए हैं।

# क्या रंग लाएगा चंपाई व लोबिन का 'भगवा' अवतार?



अमित राजा





पूरे देश में पोलिटिकल लैब यानी राजनीतिक प्रयोगशाला के तौर पर चर्चित झारखंड अपने गठन के बाद से ही विडंबनाओं वाला राज्य रहा है। यहां पोलिटिकल लैब में एक के बाद एक कई कैमिकल रिएक्शन हुए हैं। आप ये कह सकते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम का नया भगवा अवतार भी कोई कैमिकल रिएक्शन का नतीजा होगा। एक निर्दलीय विधायक मधु कोड़ा का मुख्यमंत्री बन जाना सरीखा अजूबा भी आपको कैमिकल रिएक्शन ही महसूस होगी। इसी तरह चंपाई सोरेन के इस्तीफे के बाद कोलहान के ही घाटशिला से रामदास सोरेन को मंत्री बनाया जाना कैमिकल रिएक्शन है। ऐसे और भी कई मिसाल हैं। झारखंड ही एक ऐसा राज्य है जहां मुख्यमंत्री को जेल जाना पड़ता है।

जो हो, एक बात खबरिया दुनिया में यहां से वहां तक बड़ी तेजी से दौड़ रही है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़कर दूसरे दलों में निकलने वाले सभी नेता राजनीति में पैदल हो गये। लेकिन, यह तस्वीर का एक पक्ष है। तसवीर के दूसरे पक्ष से भी पर्दा हटना जरूरी है। फिलहाल, चंपाई सोरेन के भाजपाई होने तक की पृष्ठभूमि कैसे लिखी गयी इसपर चर्चा जरूरी है। बात आगे बढ़ाने से पहले बताते चलें कि चुनाव नजदीक है और, फिर से राज्य में सियासी कुलांचे मारे जाने लगे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, हजारों करोड़ रुपयों की विभिन्न तरह की रेबड़ियां बांट कर और तरह–तरह के जतन कर फिर से सत्ता हासिल करना चाहते हैं। उधर, भाजपा ने इसी सत्ता के लिए मजबूत घेराबंदी की है। चंपाई सोरेन के जरिये आदिवासी वोटरों को साधने की कोशिश की जा रही है। बीजेपी ने मिशन झारखंड के लिए दो सिरों से रणनीतिक घेराबंदी शुरू की। एक सिरे की रणनीतिक धारा की लड़ाई भाजपा के फायर ब्रांड नेता और आसाम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने छेड़ी है। जबकि दूसरे लाइन की फाइट के संचालक हैं भाजपा के एक अन्य झारखंड प्रभारी शिवराज सिंह चौहान।

हिमंता बिस्वा सरमा की ओर से छेड़ी गयी रणनीतिक लड़ाई के केंद्र में 'हिन्दुत्व' है। इस रणनीतिक लड़ाई को अबतक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और विधानसभा में नेता विपक्ष अमर बाउरी आगे बढ़ाते रहे हैं। जबकि, इसे सदन के पटल पर सांसद निशिकांत दुबे ने रखा। बांग्लादेशी घुसपैठ और लव जिहाद से घट रही आदिवासी आबादी का मुद्दा उठाया जा रहा है। बांग्लादेश में तख्ता पलट और अल्पसंख्यकों पर हमले से हिमंता बिस्वा सरमा की छेड़ी रणनीतिक लड़ाई को हवा भी मिल रही है। दूसरी ओर, किसानों और आदिवासियों के बीच काम करने का लंबा अनुभव रखने वाले शिवराज सिंह चौहान विकास, किसान और आदिवासी के सवाल को साध कर झारखंड में भाजपा की गोटी लाल करना चाहते हैं।

भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि जब हिमंता बिस्वा सरमा पाकुड़ में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कथित हमलों को लेकर पीड़ित छात्रों से बात कर रहे होते हैं तब किसी तरह की बयानबाजी से दूर रहते हुए शिवराज सिंह चौहान रांची के एक व्हाइट कॉलर जेंटलमेन और छत्तीसगढ़ के एक आदिवासी नेता के साथ चंपाई सोरेन से संपर्क में थे। दूसरी ओर चंपाई सोरेन से संपर्क में लोबिन हेम्ब्रम थे। झामुमो से नाराजगी जाहिर करने के बाद जब पहली बार चंपाई सोरेन कोलकाता से होते हुए दिल्ली जाने वाले थे तब भी शिवराज पल–दर–पल उनसे संपर्क में थे। हालांकि, तब भी सबकुछ रच कर, शिवराज सिंह चौहान खामोश थे। और, जब परिस्थितियां भाजपा और चंपाई सोरेन के लिए अनुकूल बनी तो फिर से हिमंता बिस्वा सरमा को आगे लाया गया। इससे पहले तक झारखंड में घूम–घूम कर हिन्दुत्व का मुद्दा उछाल रहे हिमंता बिस्वा सरमा कहते रहे कि उनकी चंपाई सोरेन से कोई बात नहीं हुई है।

दरअसल, झारखंड के दोनों भाजपा प्रभारियों की भूमिका अलग–अलग है। हिमंता बिस्वा सरमा को जहां दहाड़ते हुए माहौल बनाना है, वहीं शिवराज सिंह चौहान को विरोधी दलों के लिए 'साइलेंट कीलर' के तौर पर रखा गया है। यह भाजपा की व्यवस्था है। इस व्यवस्था में हिमंता बिस्वा सरमा, शिवराज सिंह चौहान, चंपाई सोरेन, बाबूलाल मरांडी, अमर बाउरी, निशिकांत दुबे और अन्य कार्यकर्ताओं की भूमिकाएं तय है। ये सभी भगवा दिग्गज सियासी शतरंज पर मोहरे सजाते नहीं हैं, बल्कि खुद मोहरे की भूमिका में हैं। चंपाई सोरेन की भाजपा में इंट्री से, बाबूलाल मरांडी नाराज हैं या नहीं, इसपर बहुत कुछ बोला और लिखा जा चुका है। लेकिन, यह बताना जरूरी है कि रांची में चंपाई सोरेन के सदस्यता ग्रहण समारोह में भाजपा के दोनों आदिवासी नेता बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा मौजूद रहे। बाबूलाल मरांडी ने ही सदस्यता ग्रहण समारोह में चंपाई सोरेन का स्वागत माला पहना कर किया।

बहरहाल, अब सवाल है कि इस बार सियासी बिसात पर भाजपा के सजाये गये मोहरे क्या बादशाह और वजीर को मात देने का करिश्मा दिखा पायेंगे? हालांकि, 2009 में हुए तमाड़ उपचुनाव में शिबू सोरेन जैसे वजीर एक प्यादे यानी निर्दलीय राजा पीटर से मात खा गये थे। तब एनडीए समर्थित रमेश सिंह मुंडा की पत्नी जदयू उम्मीदवार बसुंधरा मुंडा तीसरे नंबर पर रही थीं। जदयू ने उस वक्त आरोप लगाया था कि शिबू सोरेन को हराने के लिए भाजपा ने अंत समय में अपना वोट राजा पीटर की ओर टर्न करा दिया था। इसका मतलब ऐसी छोटी–मोटी कलाबाजी के लिए भी भाजपा को महारत हासिल है। ऐसे में अब सवाल है कि झारखंड में भाजपा की रणनीतिक घेराबंदी कामयाब होगी या टूट कर बिखर जाएगी? इस सवाल का जवाब हमें झारखंड की बुनियादी चीजों में ढूंढना होगा। यहां की राजनीति को एक ओर इसाई मिशनरियां तो दूसरी ओर आदिवासी जमात प्रभावित करती रही है। कभी–कभी दोनों के अलग–अलग, तो कभी साथ भी आने का इतिहास है। ईसाइयों की तादाद भले ही बड़ी नहीं हो मगर उनकी मिशनरियों का असर बड़ा है। आज की राजनीति को प्रभावित करने के मामले में मुसलमानों को भी शामिल करना होगा। मुसलमानों के साथ आदिवासियों की एकता की बात हो रही है। यह सच भी है कि आदिवासी और मुस्लिम वोटर निर्णायक हैं। लिहाजा, भाजपा की पूरी कवायद आदिवासियों को अपने पाले में लाने की है। भाजपा में चंपाई सोरेन, बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा जैसे, आदिवासी नेताओं की तिकड़ी, ट्राइबल वोटरों का रूख, भाजपा की ओर करने में कितना कामयाब होते हैं, यह समय बतायेगा। महतो वोटर तो यहां की चुनावी राजनीति में अहम भूमिका अदा करते हैं। वैसे, झारखंड में महतो वोटर किसी एक दल के साथ आपको नहीं दिखेंगे। इसलिए, महतो जाति से कमोबेश सभी दलों में विधायक और बड़े नेता हैं। एक बात और। आखिर, झामुमो को छोड़कर जाने वाले कोई दिग्गज झारखंड की राजनीति के हाशिये पर क्यों आ जाते हैं? इसके कई मिसाल हैं। झामुमो को छोड़कर अपना संगठन बनाने वाले सूरज मंडल खारिज कर दिये जाते हैं। बाद में उनका संगठन आधार खोजते–खोजते दूसरे संगठन में विलय करता है। मगर, सूरज मंडल राजनीति में दोबारा पैर जमा नहीं पाते। इसी तरह साइमन मरांडी झामुमो छोड़ दूसरे संगठन में जाते हैं, लेकिन जम नहीं पाते और फिर उन्हें घर वापसी करनी पड़ती है। हेमलाल मुर्मू के साथ भी यही होता है। झामुमो से कभी विधायक रहे मोहरीन मुर्मू, पूर्व विधायक अर्जुन महतो, शिवा महतो, पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां, स्टीफन मरांडी से लेकर कुणाल षाड़ंगी, अमित महतो तक ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा या फिर पार्टी नेतृत्व से नाराज होकर झामुमो छोड़ दिया और फिर राजनीति में फ्लॉप हो गए। इनमें से कई नेताओं को फिर से झामुमो में लौटना पड़ा।

हालांकि, ऐसे भी कई नेता रहे हैं जो झामुमो छोड़ने के बाद मुख्यमंत्री तक बने। इसमें


अर्जुन मुंडा का नाम लिया जा सकता है। विद्युतवरण महतो, सुनील सोरेन और जेपी पटेल भी झामुमो छोड़ने के बाद सफल रहे। लोबिन हेम्ब्रम ने भी झामुमो छोड़ने के बाद अपनी ताकत दिखायी थी। बोरियो विधानसभा सीट पर लोबिन हेम्ब्रम 1990, 1995, 2000, 2009 और 2019 में यानी पांच बार जीत हासिल कर चुके हैं। लेकिन 1995 में पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने की वजह से झामुमो ने उनका टिकट काट दिया था। इसके बावजूद वे उस चुनाव में भी बतौर निर्दलीय जीत दर्ज करने में सफल रहे थे। इन उदाहरणों को देखते हुए चंपाई सोरेन के राजनीतिक भविष्य को लेकर एक तरफा कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

# दिल्ली का पहला प्यार कनॉट प्लेस



योगेश भट्ट

दिल्ली का दिल कनाट प्लेस के बारे में 1970 के दशक से वर्तमान तक का संपूर्ण खाका सीनियर पत्रकार विवेक शुक्ला ने अपने इस पुस्तक में उतारा है। जिससे नई पीढ़ी के युवा भी इसके महत्व को समझ सकें। क्यों कनाट प्लेस की महत्ता सभी के जीवन के लिए अनिवार्य है, अनिवार्य बनती जा रही है। लोकोक्ति में तो यहाँ तक कहा जाता है कि दिल्ली गए और कनाट प्लेस नहीं गए तो फिर क्या देखा आपने। इस लोकोक्ति को चरितार्थ करते हुए विवेक शुक्ला ने रार्बट शेर रसेल का कनाट प्लेस, कभी माधोगंज था कनाट प्रेस पैलेस, पेट्रोल पंपों का इतिहास, बैंक ही बैंक, बूट पॉलिस, हिप्पी ट्रेल लंदन से सीपी, हनुमान रोड़ कभी थी एटीट कॉलोनी 1942 से 1984, त्रिवेणी से गन्धर्व महाविद्यालय, गांधी क्नाट प्लेस में, जनपथ मार्केट का जलवा, शंकर मार्केट क्या नहीं मिलता यहाँ, पालिका बाजार। दिल्ली का पहला एसी माल, मोहन सिंह पैलेस जींस के लिए मशहूर सेंट्रल पार्क, काफी हाउस, ये रास्ते इत्यादि ऐसे कई नाम हैं जो कनाट प्लेस की महत्ता को हमेशा आपके दिलो–दिमाग में सजो कर रख देगी। जिसे जाने बिना आप रह नहीं पाओगे।




**पुस्तक - दिल्ली का पहला प्यार कनाट प्लेस**

**लेखक- विवेक शुक्ला**

**प्रकाशन प्रतिविम्ब नेशन प्रेस का उपक्रम तमिलनाडू**

**कीमत : 165**

**संस्करण- प्रथम**

**पृष्ठ -131**

**अध्याय : 30**

कनाट पैलेस को शॉट कट में अधिकांश सीपी भी कहते हैं। दिल्ली में 1911 में देश की राजधानी बनने के बाद अग्रेजों में एक शानदार शार्पिंग सेंटर बनाने का फैसला लिया। वे चाहते थे लोग यहां खरीदारी के बाद पिक्चर हाल में पिक्चर का श्री आनन्द लें, इन सब वजहों के चलते कनाट पैसेस सामने आया।

कहने का भाव यह है कि दिल्ली को नजदीक से जानना, समझना हो तो आपको दिल्ली का दिल क्नाट प्लेस (सीपी) को जानना व समझना बहुत आवश्यक है जैसे मिंटो ब्रिज के बारे में 1931 में बना था, मिंटो ब्रिज पर दो नामचीन कथाकार कौन थे। चैम्सफोर्ड रोड़, पंचकुदया रोड़, शहीद भगत सिंह मार्ग, संसद मार्ग इनका क्या महत्व है कब बने, किसके नाम पर बने।

वर्तमान समय में विकास की कई अवधारनाओं के बावजूद थी कई ऐसी प्रमाणिकताएँ है क्नाट प्लेस (सीपी) में जो आपको बरबस यहां के बारे में जानने को उत्सुक करती हैं। उदाहरण के तौर पर नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के द्वारा बनाया गया दिल्ली का पहला एयरकंडीशनर मार्केट पालिका बजार में भयंकर गर्मी से बचने के लिए खरीददार खरीदी के बाद आज भी यहां चियर पर, फर्स पर बैठकर अपने गैजेप्स के साथ, खाने पीने के सामान के साथ देखे जा सकते हैं। बारगीनिग आज भी जमकर होती है। तो फिर कैसे कोई भी कनाट प्लेस (सीपी) आना भूल पायेगा। हद तो यहां तक हो गई, कोई पार्टी शादी करनी हो, किसी से मिटिंग करनी हो, बेहतर कुछ खाना–पीना हो दोस्त भी एक दूसरे को कनाट प्लेस में ही मिलने को बुलाते हैं, और मिलने की जगह पर फर्क भी करते हैं। ऐसे माहौल में पुस्तक की महत्त्व और भी बढ़ जाता है। यही लेखक भी लेखकीयन की सार्थकता भी है वह जानता है कि पाठक को कब क्या पढ़ना है या चाहिए। इस दृष्टि से दिल्ली का पहला प्यार कनाट प्लेस अपनी सार्थकता को सिद्ध करता है।

# देश भर की अदालतों में साढ़े चार करोड़ मामले लंबित, राष्ट्रपति चिंतित!



मनोज कुमार अग्रवाल

न्याय में देरी न्याय की मौत अब महामहिम राष्ट्रपति ने भी इसी परिप्रेक्ष्य में अपनी राय जाहिर की। राष्ट्रपति मुर्मू रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशीयरी के वैलेडिक्टरी इवेंट में शामिल हुई थीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि पेंडिंग केस और बैकलॉग न्यायपालिका के लिए बड़ा चैलेंज हैं। जब रेप जैसे मामलों में कोर्ट का फैसला एक पीढ़ी गुजर जाने के बाद आता है, तो आम आदमी को लगता है कि न्याय की प्रक्रिया में कोई संवेदनशीलता नहीं बची है।

राष्ट्रपति मुर्मू नई दिल्ली के भारत मंडपम में नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशियरी के वैलेडिक्टरी इवेंट में शामिल हुई थीं। यहीं पर उन्होंने यह बात कही। इस कार्यक्रम में मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट का फ्लैग और चिह्न भी जारी किया। मुर्मू बोलीं– न्याय की रक्षा करना सभी जजों की जिम्मेदारी मुर्मू ने कहा कि न्यायालयों में तत्काल न्याय मिल सके इसके लिए हमें मामलों की सुनवाई को आगे बढ़ाने के कल्चर को खत्म करना होगा। इसके लिए सभी जरूरी प्रयास किए जाने चाहिए। इस देश के सारे जजों की यह जिम्मेदारी है वे न्याय की रक्षा करें।राष्ट्रपति ने कहा कि कोर्टरूम में आते ही आम आदमी का स्ट्रेस लेवल बढ़ जाता है। उन्होंने इसे 'ब्लैक कोट सिंड्रोम' का नाम दिया और सुझाव दिया कि इसकी स्टडी की जाए। उन्होंने न्यायपालिका में महिला अफसरों की बढ़ती संख्या पर खुशी भी जताई।

राष्ट्रपति ने कहा– न्याय में कितनी देरी सही है, इस पर विचार करने की जरूरत है उन्होंने कहा कि गांव के लोग न्यायपालिका को दैवीय मानते हैं, क्योंकि उन्हें वहा न्याय मिलता है। एक कहावत है– भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। लेकिन आखिर कितनी देर? हमें इस बारे में सोचना होगा।जब तक किसी को न्याय मिल पाता है, तब तक उनके चेहरे से मुस्कान गायब हो चुकी होती है, कई मामलों में उनकी जिंदगी तक खत्म हो जाती है। इस बारे में गहराई से विचार करना चाहिए।न्यायपालिका की चुनौतियां को दूर करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा मुर्मू ने कहा कि मुझे बताया गया है कि सही समय पर प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, सुविधाओं, प्रशिक्षण और मैनपावर में हाल के समय में सुधार हुआ है। लेकिन इन क्षेत्रों में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। मैं यह देखकर खुश हूं कि बीते कुछ साल में सिलेक्शन कमेटी में महिलाओं की संख्या बढ़ी है। इसके चलते सिलेक्शन कमेटी में महिलाओं की संख्या में 50% का इजाफा हुआ है।

अभी हमारी न्यायपालिका के सामने कई चुनौतियां हैं, जिसके लिए सभी जिम्मेदार लोगों को मिलकर काम करना होगा। उदाहरण के तौर पर सबूत और गवाहों से जुड़े मामलों को न्यायपालिका, सरकार और पुलिस प्रशासन को मिलकर हल करना चाहिए। हमारे सामाजिक जीवन का दुखद पहलू है कि कई मामलों में कई लोग अपराध करने के बाद भी खुलेआम घूमते रहते हैं, जबकि उनके विक्टिम डर में जीते हैं। महिलाओं के लिए हालात और खराब हैं क्योंकि हमारा समाज उन्हें सपोर्ट नहीं करता है।

आपको बता दें कि देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट में 82,831 केस पेंडिंग हैं। यह अब तक पेंडिंग केसों की सबसे बड़ी संख्या है। अकेले 27,604 पेंडिंग केस पिछले एक साल के अंदर दर्ज हुए हैं।एक रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में 2024 में 38,995 नए केस दर्ज किए गए। इनमें से 37,158 केसों का निपटारा हुआ। पिछले 10 साल में 8 बार पेंडिंग केस की संख्या बढ़ी है। 2015 और 2017 में पेंडिंग केस कम हुए।वहीं हाईकोर्ट में 2014 में कुल 41 लाख पेंडिंग केस थे, जो बढ़कर अब 59 लाख पहुंच गए हैं। पिछले 10 सालों में केवल एक बार पेंडिंग केस कम हुए। ट्रायल कोर्ट में 2014 में 2.6 करोड़ मामले केस पेंडिंग थे जो अब 4.5 करोड़ हैं।



कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अनुसार सभी लोगों को मिलकर ये धारणा खत्म करनी होगी कि भारत में न्यायपालिका 'तारीख पे तारीख कल्चर' से ग्रसित है। अगर ये धारणा टूटती है, तो नागरिकों के बीच न्यायपालिका को लेकर भरोसा मजबूत होगा।उन्होंने कहा कि केस लंबे समय तक पेंडिंग क्यों पड़े रहते हैं, इसका कड़ाई से एनालिसिस करने किया जाना चाहिए। इसके अलावा अगर एक जैसे मामलों की एक साथ सुनवाई की जाएगी तो इससे कोर्ट में पेंडिंग मामलों को कम करने में मदद मिलेगी। मेघवाल ने कुछ हाईकोर्ट की तारीफ की, जो ऐसे सिस्टम पर काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने 'सभी के लिए न्याय' का टारगेट रखा है। प्रोग्राम का मकसद लोगों को घर बैठे ऐसा न्याय दिलाना है जो ज्यादा खर्चीला न हो, तेज हो और तकनीक–सक्षम हो। हमें ऐसा इकोसिस्टम तैयार करना होगा जहां कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति को भी लगे कि उसे न्याय मिल रहा है।

उधर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का मानना है कि जिला स्तर पर हमारे सिर्फ 6.7% कोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर फीमेल फ्रेंडली हैं। हमें इस हालात को बदलना ही होगा। क्या यह आज एक ऐसे देश में स्वीकार्य है जहां कुछ राज्यों में भर्ती के बुनियादी स्तर पर 60 या 70% से ज्यादा महिलाएं भर्ती की जाती हैं?

हमारा फोकस कोर्ट तक लोगों की पहुंच बढ़ाने का है, और इस दिशा में क्या काम किया जाना है इसे समझने के लिए हमें इंफ्रास्ट्रक्चरल ऑडिट कराना होगा। हमें कोर्ट के अंदर मेडिकल फैसिलिटी, क्रेश और ई–सेवा केंद्र और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग डिवाइस जैसे टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट खोलने होंगे। इन कोशिशों का मकसद न्यायपालिका तक लोगों की पहुंच बढ़ाना है।

उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में हुई पहली राष्ट्रीय लोक अदालत में सिर्फ पांच दिनों के अंदर लगभग 1,000 मामलों का निपटारा किया गया। अब आपको बता दें कि यह सारी चर्चा देश के शीर्षस्थ लोग मंचों पर बैठकर कर रहे थे लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है हालत यह है कि अभी हाल ही में 40 साल पहले सिख दंगों के लिए तत्कालीन कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के संबंध में एक अदालत ने 40 साल बाद आरोप निर्धारित करने के लिए पर्याप्त वजह होने की बात कही है। वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों में उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या के मामले में 40 वर्ष बाद अदालत ने कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है।राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष सीबीआई न्यायाधीश राकेश सियाल ने कहा कि टाइटलर के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं। अदालत ने आरोप तय करने के लिए 13 सितंबर की तारीख तय की है और टाइटलर को सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आदेश दिया है।31 अक्टूबर, 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या किए जाने के बाद हिंसा भड़क उठी थी। कम से कम 3,000 लोग मारे गए थे।

कल्पना कर सकते हैं जबकि एक मामले में 40 साल इस बात को तय करने में ही निकल गए की किसी व्यक्ति के खिलाफ पर्याप्त सबूत पर्याप्त आधार है या नहीं तो जब 40 साल बाद मुकदमा दर्ज होगा तो फैसला कितने साल बाद होगा और 40 साल बाद मुकदमा दर्ज करना कौन से न्याय की परिकल्पना का सबूत है?

आप को याद दिला दें कि अभी एक पखवाड़े पहले ही अजमेर के चर्चित स्कूल छात्राओं के यौन शोषण के मामले में 32 साल बाद छह अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। जब चालीस और तीस साल तक अदालत असमंजस में रहेंगे या सुनवाई करने में इतने दशक बिता देंगे तो कानून व्यवस्था की अदालत की कार्यप्रणाली को आसानी से समझा जा सकता है। आज अनेक बार आम आदमी इस कारण भ्रष्टाचार का शिकार बनता है क्योंकि उस को पता है कि गलती न होने पर भी जुर्माना या रिश्वत देकर बचने में फायदा है अन्यथा सच को सच साबित करने के लिए कई साल अदालत के चक्कर और वकीलों की फीस अदा करने में समय और धन दोनों का नुकसान होगा। यही सिस्टम का नाकारापन है जिस कारण आम आदमी रोजाना जूझता है वह बिना गलती भी ट्रेफिक चालान को अदा करता है पुलिस के डंडे गाली चुपचाप सह जाता है क्योंकि प्रतिवाद करने के लिए उसकी सही बात को भी सही मानने के लिए व्यवस्था लुंज पुंज है। शायद राष्ट्रपति और मुख्यन्यायाधीश के बयानों पर अमल भी हो तो बात बने अच्छी बातें और उपदेश तो बहुत सारे ग्रन्थों और किताबों में भी दर्ज है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# विद्याधर नगर सेटेलाइट हॉस्पिटल का काम तत्काल शुरु करें : उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

## आईपीडी टॉवर में अतिरिक्त कार्यों एवं अन्य सेवाओं के लिए तत्काल राशि उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 2 सितम्बर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले सेटेलाइट अस्पताल का निर्माण कार्य तत्काल शुरू करवाकर समय पर काम पूरा करवाने के निर्देश चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिए। शासन सचिवालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह की मौजूदगी में आयोजित बैठक में उन्होंने यह निर्देश दिए।



### जून 2026 में पूरा होगा निर्माण

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नए बनने वाले 100 बैड के सेटेलाइट अस्पताल की डीपीआर का कार्य अगले एक माह में पूरा हो जाएगा और अस्पताल का निर्माण कार्य जून 2026 तक पूरा करवा दिया जाएगा। झोटवाडा पंचायत समिति भवन की भूमि के स्थान पर यह निर्माण किया जाएगा। पंचायत समिति भवन के लिए भूमि आवंटित कर भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ रूपये की राशि भी पंचायतीराज विभाग को आवंटित की जा चुकी है। गौरतलब है कि अस्पताल के लिए 100 पदों एवं मैन विद मशीन की स्वीकृति भी जारी की जा चुकी है। उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेटेलाइट अस्पताल के भवन का निर्माण होने तक यदि इसे किसी किराये के भवन में चलाया जा सकता है तो इसका परीक्षण करवाकर तत्काल शुरू करवाएं ताकि लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाए उपलब्ध हो सके।

### चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्लान तैयार करें

» चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्याधर नगर एसएमएस हॉस्पिटल से ज्यादा दूर है और वहां बड़ी संख्या में आबादी निवास करती है ऐसे में उस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए एक विशेष प्लान तैयार किया जाए। सीकर रोड़ व अन्य क्षेत्रों में भी बड़े चिकित्सा संस्थान खोलने के लिए तत्काल प्लान पर काम करें ताकि लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके।

### आईपीडी टॉवर के लिए 37 करोड़ रूपये की अतिरिक्त स्वीकृति

» चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बैठक में आईपीडी टॉवर में अतिरिक्त सिविल कार्यों एवं अन्य कार्यों के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान किए जाने की मांग उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। इस पर उप मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग के अधिकारियों को तत्काल राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र प्रायोजित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य योजनाओं के लिए 100 करोड़ एवं आईपीडी टॉवर में पॉर्किंग एवं अन्य अतिरिक्त सिविल कार्यों के लिए 37 करोड़ रूपये की राशि तत्काल स्वीकृत कर दी जाएगी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने हरमाड़ा, नींदड़ पीएससी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरण नदी द्वितीय को सीएचसी में क्रमोन्नत किए जाने की कार्यवाही तत्काल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कांवटिया अस्पताल को अपग्रेड करवाने के भी निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबू महाराज मंदिर थूम कुदिन्ना पर 5 सितंबर 24 को लगने वाले लक्खी मेला से संबंधित मीटिंग का आयोजन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड में लगने वाले बाबू महाराज मंदिर थूम कूदना पर 5 सितंबर को लगने वाले मेल में समुचित व्यवस्था हेतु मीटिंग का आयोजन किया गया! जिसमें मेला की समुचित व्यवस्था करवाने हेतु, सी .ओ. साहब बाड़ी, एवं थाना अधिकारी सोने गुर्जा द्वारा दिशा निर्देश दिए गए एवं उनके द्वारा यह भी कहा गया कि दुकानदारों को पॉलिथीन उपयोग नहीं करने के लिए भी पाबंद किया गया है! साथ में कचरे के लिए डस्टबिन रखा जाना आवशयक किया गया है! बाबू महाराज का लक्खी मेला 5 सितंबर को लगेगा पार्किंग के लिए भी ठेकेदार से चर्चा हो चुकी है! दुकानदारों को उपयुक्त स्थान पर दुकान लगाने के लिए भी निर्देश दिए गया! बैठक में सोने गुर्जा एस एच ओ भीम सिंह, हेड कांस्टेबल मोहन सिंह, बाबू महाराज सेवा समिति के सभी सदस्य श्री भगवान सिंह गुर्जर अध्यक्ष श्री बाबू महाराज सेवा समिति, रविंद्र गिरी जी महाराज ,लाल सिंह भगत, देवी सिंह भगत, राम मुकुट गुर्जर सहा. कृषि अधि.,शीशराम गुर्जर अध्यापक, वीरेंद्र पटवारी, हरिसिंह अध्यापक, जगदीश सिंह, दुर्गसिंह , रमेश सरपंच, शंकर लाल, सुल्तान सिंह, देशराज, कुलदीप अध्यापक सहित काफी संख्या में भक्त एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

### एएसआई योगेश कुमार ने एसपी भरतपुर मृदुल कच्छवा का अनोखे अंदाज में मनाया जन्मदिन

- फुटपाथों पर जी रहे लोगों को चारपाई वितरण कर दिया मानवता का संदेश



**चमकता राजस्थान। नदबई (राजवीर सिंह)।** थाने पर पद स्थापित एएसआई योगेश कुमार ने भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा का जन्मदिन अनोखे अंदाज में मनाकर मानवता का संदेश दिया है। एएसआई योगेश कुमार ने कस्बा नदबई में करीब 20 सालों से फुटपाथों पर अपना जीवन यापन करने वाले बेसहारा जरूरतमंदों को चारपाई वितरण कर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा का जन्मदिन मनाकर अनोखी मिसाल कायम की है। वहीं फुटपाथों पर जीने वाले कबाड़ी, जरारूरतमंद गरीब तबके के लोग चारपाई लेकर खुश नजर आए। तथा एएसआई योगेश कुमार का सभी ने आभार प्रकट करते हुए पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के जन्मदिन पर लंबी आयु व स्वस्थ जीवन की कामना की।एएसआई योगेश कुमार ने बताया कि एसपी भरतपुर एक नेक इंसान हैं। उनका भरतपुर जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में काफी योगदान है। पुलिस का स्लोगन आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय के ध्येय को पूर्ण ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और पारदर्शिता के साथ बनाए हुए हैं। आपको बता दें।एएसआई योगेश कुमार समय समय पर लाचार, गरीब, बेसहारा,जरूरतमंद लोगों की सेवा करने में अपनी मदद करते रहते हैं।

## श्री अग्रसेन जयंती पंच दिवसीय महोत्सव को लेकर श्री अग्रवाल सभा बाड़ी की वृहद स्तर पर हुई बैठक आयोजित

चमकता राजस्थान



**धौलपुर( रामदास तरुण) बाड-ी।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव को लेकर श्री अग्रवाल सभा बाड़ी की आम बैठक आयोजित हुई! श्री अग्रवाल पंचायती धर्मशाला बाड़ी में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष एडवोकेट राधेशयाम गर्ग की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित हुई! जिसमें अग्रवाल समाज के गणमान्य बंधु रहे मौजूद। मीटिंग की शुरुआत भगवान अग्रसेन महाराज के दीप प्रज्वलित कर की गई, बैठक में श्री अग्रसेन शिक्षा समिति, सहायता समिति, महिला मंडल, नव युवक मंडल के अध्यक्षों को मंच पर आसीन कराया गया तत पश्चात मीटिंग की कार्यवाही शुरू की गई।

जिसममें पांचों दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा पर महामंत्री हरिशंकर सराफ ने प्रक ाश डाला, जिसम चारो अग्रवाल सभा इकाइयों द्वारा एक एक दिन के सामाजिक समरसता के कार्यक्रमों के आयोजन की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी करवाए जाने की घोषणा की, शहर की स्वयंसेवी संस्था अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर प्रतिवर्ष की भांति आयोजित कराया जाएगा, जयंती महोत्सव 29 सितंबर से शुरू होकर 3 अक्टूबर को देर रात समाप्त होगा, पांच दिवसीय कार्यक्रम स्थल शहर की श्री अग्रवाल पंचायती धर्मशाला बाड़ी ही रहेगी, 3 अक्टूबर को प्रात सुबह 5 बजे से अग्रवाल सभा भंडार गृह मोदी पाड़ा से प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा, दिन में दोपहर 2 बजे से भागथरिया भवन गुमट से विधिवत रूप से जयंती का पूजन अर्चन कर शहर के मुख्य मार्ग से निकल जाएगी, अग्रसेन जयंती का संयोजक श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल को बनाया गया, मीटिंग के दौरान पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल समाज सुनील गर्ग, विष्णु सिंघल, डॉ. सरोज मंगल, सहित अन्य वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे, सदन में अग्रसेन जयंती महोत्सव के लिए दान दी गई राशि के दानदाताओ का सबने कर तल ध्वनि से आभार व्यक्त किया,

अग्रवाल सभा अध्यक्ष राधेशयाम गर्ग ने अग्रवाल समाज के सभी परिवारों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में लोग अग्रसेन जयंती समारोह में शामिल हो, मीटिंग के दौरान उपाध्यक्ष रामकुमार गर्ग, प्रमोद गर्ग, प्रदीप बंसल, रामनिवास मंगल, दीनदयाल मित्तल, धीरज गर्ग, पंकज गर्ग, हरिओम सिंहल, डॉ. गोपाल गोयल, रामसेवक बंसल, गोपालदास गर्ग, सचिन बंसल, निरमा अग्रवाल, बंटू गर्ग, रोहित मंगल, सुभाष बंसल, बबलू गोयल, श्रीनिवास मित्तल, बालकिशन बंसल, दीपक गोयल, अरुण मंगल, अमित मंगल, अंशुल गर्ग, नरेंद्र मंगल, राहुल मित्तल, अशोक गूदरिया, संजय गोयल, योगेश बंसल, अशोक सर्राफ, मोहन मित्तल सहित सैकड़ों अग्र बंधु मीटिंग में उपस्थित रहे।

## प्रजापति समाज की जिला स्तरीय बैठक आयोजित



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड मैं जिला स्तरीय बैठक का आयोजन रामदयाल प्रजापति बड़रिया की अध्यक्षता में निजी मैरिज होम सचिन पैलेस संतनगर रोड बाड़ी में आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 6 अक्टूबर 24 को सचिन पैलेस बाड़ी में करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।वर्ष 2023 व 2024 में प्रतिभावान छात्र- छात्राओं का सम्मान करने का निर्णय लिया गया। जिन छात्रों ने कक्षा 10 व 12 में 75 प्रतिशत अंक छात्राओं ने 70%, स्नातक में छात्र- छात्राओं ने 60% अंक,
स्नातकोत्तर परीक्षा व व्यावसायिक परीक्षा किसी भी श्रेणी में उत्तीर्ण की हो। उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त खेल प्रतिभाओं, नव नियुक्त सरकारी कार्मिकों, वृद्ध जनों 80 प्लस आयु वर्ग एवं अन्य क्षेत्रों में विशेष योग्यताधारी समाज बन्धुओं को सम्मानित किया जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। ग्यासीराम जिला अध्यक्ष, जगदीश प्रसाद ी७.ील्ल. जोरगढ़ी, कमल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, डॉ. सतीश प्रजापति, डॉ. बलवीर प्रजापति, प्यारेलाल अध्यापक, हरिभजन लाल प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि इस वर्ष का प्रतिभा सम्मान समारोह दिव्य व भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। समस्त समाज बंधुओ ने अपना तन, मन, धन से सहयोग करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज के रमेश चंद, राजेंद्र सिंह, कन्हैया लाल, अमर सिंह, रामदयाल, कालीचरन, मांगीलाल, रामनिवास, राकेश, दीनदयाल, राम सहाय, कुमरपाल, अमित कुमार, शिवचरन लाल, भगवान दास, ज्ञान चंद,भैरौ लाल, नव्यांश, सोनू, अमित, कमलेश, जगदीश, नरेंद्र आदि समाज बंधु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहर सिंह वरिष्ठ अध्यापक द्वारा किया गया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सदस्यता अभियान का किया आगाज

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ मुख्यमंत्री निवास पर देखा अभियान का सीधा प्रसारण

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा के सदस्यता अभियान का आगाज सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदस्यता ग्रहण कर किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश के प्रधान सेवक को पार्टी की सदस्यता दिलवाई। सदस्यता अभियान शुभारंभ कार्यक्रम देशभर में सीधा प्रसारण किया गया। देश के प्रत्येक भाजपा शासित राज्यों, जिला, मंडल और बूथ स्तर पर कार्यक्रम लाइव किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यालय में अभियान के प्रदेश प्रभारी डॉ अरूण चतुर्वेदी के नेतृत्व में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठोड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ मुख्यमंत्री निवास पर अभियान का सीधा प्रसारण देखा।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में शहर सांसद मंजू शर्मा, विधायक देवी सिंह शेखावत, भागचंद टाकड़ा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीआर चौधरी, नारायण पंचारिया, मोतीलाल मीणा, प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र गोठवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा, प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया, भूपेंद्र सैनी, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, आईटी संयोजक अविनाश जोशी, सोशल मीडिया संयोजक हिरेन्द्र कौशिक, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभागों के संयोजक-सह संयोजक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- **भाजपा प्रदेश कार्यालय में 3 सितंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड और सीएम भजनलाल शर्मा ग्रहण करेंगे पार्टी की सदस्यता:- अरूण चतुर्वेदी**

अभियान के प्रदेश प्रभारी डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर राष्ट्रीय स्तर अभियान का आगाज कर दिया। अब मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सुबह 12:00 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठोड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इसके बाद 4 सितंबर को प्रदेश के प्रत्येक जिले में भाजपा के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि प्रेस वार्ता के माध्यम से अभियान को लॉन्च करेंगे।

अभियान के प्रदेश सह संयोजक मोतीलाल मीणा ने बताया कि भाजपा प्रदेश में सवा करोड़ सदस्यों को पार्टी परिवार का सदस्य बनाएंगी। इसके लिए राजस्थान के 51 हजार 700 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता को 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत मिस्ड कॉल, नमो ऐप, वेबसाइट और क्यूआर कोड स्कैन करके कोई भी व्यक्ति सदस्य बन सकता है। अभियान दो चरणों में चलेगा। पहला चरण 25 सितंबर तक और दूसरा चरण 1 से 15 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

# तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में बाढ़ से मची तबाही

# 9 लोगों की मौत, एनडीआरएफ की 26 टीमें तैनात

**हैदराबाद/एजेंसी।**

तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से हालात गंभीर हो गए हैं। बाढ़ की चपेट में आने से दोनों राज्यों के कई इलाकों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण रेलवे और बस सेवाओं पर भी असर पड़ा है, जिससे लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। एनडीआरएफ की 26 टीमें तैनात की गई हैं, जो प्रभावित इलाकों से लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में जुटी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से संपर्क कर केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया है।

तेलंगाना के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने जानकारी दी कि सभी एहतियाती उपायों के बावजूद राज्य में 9 लोगों की जान जा चुकी है। महबूबाबाद और खम्मन ज़िलों में कम से कम तीन लोगों के बाढ़ के पानी में बहने की आशंका जताई जा रही है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक इमरजेंसी बैठक बुलाई है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश जारी रहने की संभावना जताई है, जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है।



## मोदी ने रेड्डी से की बात, तेलंगाना में बाढ़ की स्थिति की ली जानकारी

**हैदराबाद/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से बात की और उनसे राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली है। मोदी ने फोन पर हुई बातचीत के दौरान रेड्डी से राज्य के कई जिलों में भारी बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली।



रेड्डी ने हुयी बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री को राज्य में भारी बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में जानकारी दी और राज्य सरकार द्वारा व्यवधान को कम करने और जानमाल की क्षति को रोकने के लिए किये गये तत्काल राहत उपायों और बरती गयीं सावधानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मोदी को बताया कि भारी बारिश और बाढ़ के कारण सबसे ज्यादा नुकसान खम्मम जिले में हुआ है। वहीं, प्रधानमंत्री ने जनहानि को रोकने के लिए राज्य सरकार के सक्रिय उपायों की सराहना की।

एक आधिकारिक बयान में रविवार देर रात कहा गया कि उन्होंने (मोदी) रेड्डी को यह भी आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार प्रतिकूल मौसम की स्थिति में राहत कार्यों में सहायता के लिए हेलिकॉप्टरों की तैनाती सहित अन्य आवश्यक सहायता प्रदान करेगी।

## चुन-चुनकर मारेंगे..बीजेपी विधायक की मुसलमानों को खुली धमकी; नीतेश राणे के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अहमदनगर/एजेंसी।** महाराष्ट्र के अहमदनगर में बीजेपी विधायक नितेश राणे के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। राणे पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 153 सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। उनके खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की गई हैं , एक श्रीरामपुर थाने में और दूसरी तोपखाना थाने में।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अहमदनगर में रामगिरी महाराज के समर्थन में एक मोर्चा निकाला गया था, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए थे। मोर्चे के बाद हुई एक सभा में, नितेश राणे ने मुसलमानों को खुले तौर पर धमकी दी और कहा, हमारे रामगिरी महाराज के खिलाफ यदि किसी ने कुछ कहा, तो मस्जिदों में जाकर चुन-चुन कर मारेंगे।

महंत रामगिरी महाराज ने मुस्लिम समाज के पैगंबर पर टिप्पणी की थी, जिसके बाद राज्य के विभिन्न जिलों में उनके खिलाफ मोर्चे निकाले गए थे। इसके बाद, अहमदनगर में सकल हिंदू समाज की ओर से रामगिरी महाराज के समर्थन में नितेश राणे के नेतृत्व में मोर्चा आयोजित किया गया था।

एआईएमआईएम नेता वारिश पठान ने नितेश राणे का वीडियो साझा करते हुए आरोप लगाया है कि बीजेपी चुनाव से पहले सांप्रदायिक हिंसा भड×काना चाहती है। पठान ने नितेश राणे के भाषण को भड×काऊ बताते हुए उनकी गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी की दिशा में जयपुर ज्वैलरी शो की एक पहल

- जेजेएस-2024 में बूथों की संख्या जितने यानी 1200 पौधे लगाने की है योजना
- जेजेएस आयोजन समीति के सदस्यों ने राजस्थान यूनिवर्सिटी में किया पौधारोपण



**चमकता राजस्थान/जयपुर, 2 सितंबर।** पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी की दिशा में एक पहल के रूप में जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) के आयोजन समीति के सदस्यों ने राजस्थान यूनिवर्सिटी परिसर और यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा के आवास पर पौधारोपण किया। कुलपति ने टीम जेजेएस के इस कदम का स्वागत किया। यह आयोजन जेजेएस द्वारा सृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से किया गया था। इस अवसर पर जेजेएस आयोजन समिति के चेयरमैन, विमल चंद सुराणा; जेजेएस के मानद सचिव, राजीव जैन; जेजेएस, उपाध्यक्ष, दिनेश खटोरिया, सृष्टि फाउंडेशन के संस्थापक, विवेक शर्मा सहित जेजेएस आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

राजीव जैन ने बताया कि जेजेएस हमेशा से पर्यावरण की रक्षा और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में यह पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है। इसके पहले चरण में 200 पौधे लगाए गए। हमारी योजना जेजेएस 2024 में कुल बूथों की संख्या जितने यानी 1200 पौधे लगाने की योजना है।

### एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ी, सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में यूट्यूबर से आज फिर पूछताछ करेगी ईडी

**नई दिल्ली/एजेंसी।** यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। ईडी ने एल्विश को एक बार फिर से पूछताछ के लिए तलब किया है। जानकारी के मुताबिक उससे आज लखनऊ स्थित ईडी के दफ्तर में पूछताछ हो सकती है। ये मामले रेव पार्टियों सांपों के जहर की सप्लाई से ही जुड़ा है। उसके खिलाफ मनी लॉड्रिंग का मुकदमा भी दर्ज है। इससे पहले भी ईडी एल्विश यादव से पूछताछ कर चुकी है। 23 जुलाई को एल्विश से करीब सात घंटे तक पूछताछ की गई थी लेकिन तब भी वो कई सवालों के जवाब देने में बचता रहा या उसने घुमा फिराकर जवाब दिए।

# तम्बाकू नियंत्रण को लेकर शहर से लेकर गांव तक किया जाएगा बेहतर कार्यः मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (संवाददाता खलील कुरेशी)** राज्य स्तरीय बहु हितधारकों की तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए! चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि युवा पीढ़ी को तम्बाकू सहित समस्त नशो से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम प्रकोष्ठ, राज तोफा व एसआरकेपीएस के संयुक्त तत्वाधान में निजी होटल ओम टावर में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि बतौर अपने संबोधन में कहा कि राज्य में तम्बाकू नियंत्रण के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा हैं !लेकिन आमजन को तम्बाकू जनित उत्पाद




से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देने हेतु गांव से लेकर बड़े शहरों तक कार्य करने की जरूरत है। स्वास्थ्य मंत्री खींवसर ने कहा कि स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि गांव स्तर तक जन जागरूकता में विशेष भूमिका निभा सकते है। पंचायती राज मंत्री ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने भी कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि तम्बाकू उत्पाद नशे की प्रथम सीढ़ी है। नशे को रोकने के लिए जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों व समाज के सक्रिय लोगों को युवा पीढ़ी के साथ संवाद करना चाहिए। देवासी ने कहा कि तम्बाकू मुक्त गांव, पंचायत, तम्बाकू मुक्त पीढ़ी व तम्बाकू का खात्मा चरणबद्ध तरीके से कार्य योजना बना कर करना चाहिए। इस अवसर पर पंचायती राज सचिव रवि जैन ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत व गांवों को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिए पंचायती राज विभाग कार्य कर रहा है !व भारत में नए कीर्तिमान बनाने हेतु तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का कार्य किया जाऐगा। वाइटल स्ट्रैटेजी के डॉ. जे एस राणा ने अपने प्रस्तुतिकरण में तम्बाकू के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। एसएमएस के पूर्व अधीक्षक डॉ. वीरेन्द्र सिंह मील, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. रमेश गांधी, धर्मवीर कटेवा, नरेंद्र सिंह, प्रतिभा सिंह व ज्योति चौधरी सहित अनेक विषय विशेषज्ञों ने तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने हेतु विचार व्यक्त किऐं। कार्यशाला के प्रारम्भ के एनटीसीपी के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एस एन धौलपुरिया ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए, राज्य में तम्बाकू नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यो से अवगत करवाया। कार्यशाला के अंत में एसआरकेपीएस के राजन चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मणिपुर में फिर भडकी हिंसा

**इंफाल/एजेंसी।**

मणिपुर के घाटी इलाके में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी तथा मृतक महिला की नाबालिग बेटी समेत नौ अन्य घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मणिपुर के पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने बताया कि भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटी से अंधाधुंध गोलीबारी की और इंफाल पश्चिम जिले के अंतर्गत कोत्रुक और पड़ोसी कडांगबंद के निचले घाटी इलाकों में बम भी फेंके। इस गोलीबारी में 31 वर्षीय



महिला और एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि महिला की आठ वर्षीय बेटी और एक पुलिस अधिकारी समेत नौ अन्य लोग घायल हो गए।

अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध उग्रवादियों के अचानक हमले से तनाव और दहशत फैल गई। इसके कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों समेत कई ग्रामीण सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए भाग गए। मारी गई मैतेई समुदाय की महिला की पहचान नगांगबाम सुरबाला देवी के रूप में हुई। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) ले जाया गया। महिला की बेटी, पुलिस अधिकारी एन. रॉबर्ट (30) और अन्य घायलों को भी आरआईएमएस और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जब गोलीबारी शुरू हुई तो महिला और अन्य लोग अपने घरों में थे। गोलीबारी और बम हमलों में कई घर भी क्षतिग्रस्त हो गए। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों की एक बड़ी टुकड़ी राज्य बलों के साथ इलाके में पहुंची और उग्रवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया। उग्रवादियों के हमले के तुरंत बाद मणिपुर गृह विभाग ने एक बयान में कहा कि राज्य सरकार को रविवार को ड्रोन, बम और कई अत्याधुनिक हथियारों का उपयोग करके निहत्थे कोत्रुक ग्रामीणों पर हमले की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में पता चला है।

## कुरुक्षेत्र : सोमवती अमावस्या पर ब्रह्मसरोवर में श्रद्धालुओं का विशाल हजूम, पितरों के लिए पिंडदान और पूजा-अर्चना



**कुरुक्षेत्र/एजेंसी।** सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर कुरुक्षेत्र स्थित विश्वविख्यात ब्रह्मसरोवर में श्रद्धालुओं का विशाल हजूम उमड़ पड़ा। देश के विभिन्न हिस्सों से आए हजारों भक्तों ने इस पवित्र सरोवर के तट पर अपने पितरों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना के लिए पिंडदान और तर्पण कर पूजा-अर्चना की। सोमवार के दिन पडने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है, और इसे अत्यंत शुभ एवं पवित्र माना जाता है। पौराणिक कथाओं और धार्मिक ग्रंथों में सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन ब्रह्मसरोवर और सन्निहित सरोवर में स्नान करने से भक्तों को देवी-देवताओं का सानिध्य प्राप्त होता है, और उनके पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। इस ऐतिहासिक दिन पर भक्तगण सुबह से ही कुरुक्षेत्र के पवित्र तीर्थ ब्रह्मसरोवर और सन्निहित सरोवर पर पहुँचने लगे थे। उन्होंने पवित्र सरोवर में स्नान करके विधिवत पूजा-अर्चना की और अपने पितरों के लिए पिंडदान और तर्पण किया। भक्तों का मानना है कि इस पवित्र कार्य से उनके पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और उनके जीवन में सुख-समृद्धि आती है। हर अमावस्या पर, विशेष रूप से सोमवती अमावस्या के दिन, देश भर से सैकड़ों श्रद्धालु कुरुक्षेत्र की इस पवित्र धरती पर आते हैं। वे यहाँ के पवित्र तीर्थों में स्नान करके, और ब्रह्मसरोवर में डुबकी लगाकर, अपने पितरों के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं।

इस अवसर पर ब्रह्मसरोवर के तट पर श्रद्धालुओं के बीच भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिलता है।

कुरुक्षेत्र, जो धर्मनगरी के नाम से प्रसिद्ध है, सोमवती अमावस्या के इस विशेष दिन पर एक बार फिर से भक्तों के आस्था और श्रद्धा का केन्द्र बन गया। पिंडदान और तर्पण के इस पावन कार्य के साथ, श्रद्धालुओं ने अपने पितरों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की और उनके मोक्ष के लिए प्रार्थना की।

## जेकेके में तीन दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला

# प्रख्यात फोटोग्राफर शिरीष कर्राले 6 से 8 सितंबर तक सिखाएंगे फोटोग्राफी के गुर

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर, 2 सितंबर।** जवाहर कला केंद्र में 6 सितंबर से 8 सितंबर तक आयोजित होने वाले ₹सुर ताल उत्सव₹ में फोटोग्राफी सीखने की इच्छा रखने वालों को बेहतरीन अवसर मिलेगा । इस कार्यशाला में मुंबई के प्रसिद्ध सेलेब्रिटी फोटोग्राफर शिरीष कर्राले प्रैक्टिकल फोटोग्राफी के गुर सिखाएंगे ।

डेल्फिक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान की अध्यक्ष और वरिष्ठ आईएएस श्रेया गुहा ने बताया कि 6 से 8 सितंबर तक ₹सुर ताल₹ उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ओडिसी नृत्य, हवेली संगीत,शास्त्रीय संगीत, ग़ज़ल, कई नृत्यों पर आधारित एक कोरियोग्राफ्ड प्रस्तुति के साथ ही फोटोग्राफी कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी । कार्यशाला का प्रवेश निशुल्क रहेगा, इसके साथ ही फोटोग्राफी कार्यशाला हेतु इच्छुक व्यक्ति न्यूनतम राशि जमा करवाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है । आवेदकों के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु ऑनलाइन राशि जमा करवाने के साथ ही मौके पर नक़द जमा करवाकर रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी रहेगी ।

उन्होंने बताया कि शिरीष कर्राले मुंबई के प्रसिद्ध सेलेब्रिटी फोटोग्राफर हैं जो 20 वर्षों से अधिक तक फोटोग्राफी की नामचीन पत्रिकाओं के संपादक रहे हैं । सेलिब्रिटी के फोटो शूट करते हैं तथा कई फिल्मों के स्टिल शूट भी किए हैं। इस तरह की कार्यशालाओं से सीखने वालों का मुंबई जाना और बहुत अधिक फीस देकर वहां की कार्यशालाओं में भाग लेने में होने वाला व्यय बच जाएगा । कार्यशाला तीनों दिन दिनभर चलेगी तथा भाग लेने वालों के लिए कार्यशाला स्थल पर ही लंच की व्यवस्था भी की गई है ।



## संक्षिप्त समाचार

### जिला कलेक्टर ने राजकीय स्कूलों तथा आंगनवाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**चमकता राजस्थान। कोटपूतली-बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)।** 2 सितंबर।जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कोटपूतली के ग्रामीण इलाकों में स्थित सरकारी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मलपुरा तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोरदा, मोरदा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की गतिविधियों की धरातल पर क्रियान्वित व स्कूलों में शैक्षणिक स्तर की जांच की। आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों से भी कलेक्टर ने बातचीत की और वर्क बुक में की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी ली तथा बच्चों के शारीरिक माप रजिस्टर व संबंधित रिकॉर्ड की जांच की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि सभी बच्चों का हाइट और वजन लेकर पोषण ट्रैकर एप पर इंद्राज करें। साथ ही रिकॉर्ड संधारित करें। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर उड़ान योजना के तहत वितरित किए जाने वाले सेनेटरी नैपकिन की आपूर्ति के बारे में जानकारी लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से सेनेटरी नैपकिन के सुचारू रूप से वितरण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### मरकजी तंजीम अहले सुन्नत वल जमाअत की मीटिंग हुई सफलता के साथ संपन्न

- **आबिद देशवाली को सर्व सम्मति से चुना गया सदर**



**चमकता राजस्थान। बारां ! दिनांक 2 सितंबर 2024** बरोज़ इतवार को बाबा फूल पीर साहब के जमात खाने में पहले सुन्नत वल जमात की मीटिंग बाराँ शहर काजी अब्दुल कय्यूम साहब की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें पूर्व सदर रईसुद्दीन शेख ने कार्यकाल समाप्त होने पर अपना इस्तीफा जिम्मेदारान को पेश कर कमेटी भंग की। इसके साथ ही नए सदर के रूप में अक्सरियत राय से मोहम्मद आबिद देशवाली को मुन्त×खब किया सेकेट्री ज़ोई अली×फ अंसारी और खजांची के पद की जिम्मेदारी इरफान अशरफी को दी गई। नये सदर आबिद देशवाली और उनकी कमेटी ने समाज की भलाई को सर्वोपरि और ईमानदारी व पूरी वफादारी के साथ काम करने के अहद के साथ अपना पद संभाला मीटिंग में बाराँ शहर के मोअज़्ज़िज़ हजरात मौजूद रहे जिन्होंने गुलपोशी कर नए सदर मोहम्मद आबिद देशवाली और उनकी कमेटी का स्वागत किया मीटिंग में अब्दुल सलाम कादरी रईस उद्दीन शेख जाकिर मंसूरी शाहिद कुंडी इरफान अंसारी फिरोज खान एडवोकेट शाहिद इकबाल भाटी ,शाहिद हुसैन कदीर भाई आमीन देशवाली मुन्ना बाबा सलाम भाई इरशाद अंसारी हनीफ काजी समीर मयूर हाफिज मोहम्मद अयूब हाफिज मोइनुद्दीन हाफिज इंसाफ अशरफ अली अनवर हाशमी सलीम भाई अफाक सहारा वसीम बंटी अशफाक मयूर पिंकू भाई आदि उपस्थित रहे ।

### प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भामाशाह की मूर्ति का हो रहा है अनादर



**चमकता राजस्थान। कोटपूतली-बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)**दिल्ली-जयपुर के बीच में भगवान दास मोरीजावाला अस्पताल कोटपूतली के नेशनल हाईवे संख्या 48 पर स्थित है, जो कि जिले का सबसे बड़ा अस्पताल है तथा जिसे जिला स्तरीय अस्पताल का दर्जा दिया जा चुका है। उक्त अस्पताल परिसर में भामाशाह गुलजारीलाल जी मोरीजावाला की मूर्ति का स्मारक है। स्मारक में स्थित मूर्ति को अस्पताल प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कोई सार संभाल नहीं की जा रही है, तथा स्मारक को कचरा पात्र बनाकर रख दिया गया है। साथ ही स्मारक पर कचरे की टूटी बोतले, गंदी मिट्टी से मूर्ति बिल्कुल ढक गई है, जिससे मूर्ति दिखाई भी नहीं दे रही है। गौरतलब है कि उक्त जिला अस्पताल की भूमि दान देने वाले भामाशाह मोरीजावाला ही हैं। मूर्ति की इस तरह की दुर्दशा देखकर यहां आने वाले मरीज एवं उनके साथ आए व्यक्तियों में भारी रोष देखने को मिला तथा वे स्मारक पर खड़े होकर, अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। समाजसेवी रतनलाल शर्मा ने इसको गंभीर लापरवाही मानकर प्रशासन को आगाह किया और बताया कि राजस्थान में गिने चुने भामाशाहों में मोरीजा वालों का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। आज उनके स्मारक की अनदेखी हो रही है, जो बर्दाश्त से बाहर है। शर्मा ने इस हेतु जिम्मेदारों को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है कि स्मारक की साफ सफाई व इसकी देखभाल के लिए किसी कर्मचारी को नियुक्त करें । इस अवसर पर दिलीप सैनी, राजाराम, जितेंद्र, सचिन, मातादीन,राजकुमार, योगेश, सूरजभान, दिनेश, ओमप्रकाश मौजूद रहे।

### शैलेंद्र भार्गव को सदस्यता अभियान का बनाया जिला संयोजक



**चमकता राजस्थान। जयपुर, 02 सितंबर 2024।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जयपुर शहर के पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेंद्र भार्गव को अभियान का जयपुर शहर जिला संयोजक बनाया गया है।

## पुलिस अलंकरण समारोह 2024

# पुलिस मुख्यालय सीआईडी अपराध शाखा के 103 पुलिसकर्मी सम्मानित

## कार्य क्षेत्र में आगे भी और अधिक जोश और ऊर्जा के साथ कर्तव्य का पालन करें : एडीजी दिनेश एमएन

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 02 सितम्बर।** सीआईडी अपराध शाखा के 103 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सोमवार को पुलिस मुख्यालय के चतुर्थ तल पर आयोजित अलंकरण समारोह में डीजीपी डिस्क, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक, सर्वोत्तम सेवा चिन्ह एवं अति उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध राजस्थान, जयपुर दिनेश एम एन एवं महानिरीक्षक पुलिस प्रफुल्ल कुमार द्वारा इस अवसर पर उत्कृष्ट, सराहनीय एवं प्रशंसनीय सेवाएं प्रदान करने वाले 33 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को डीजीपी डिस्क, 14 पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 20 पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक, 14 पुलिस कर्मियों को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह तथा 22 पुलिस कर्मियों को अति उत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।इस अवसर पर एडीजी क्राइम एमएन ने सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी आने वाले समय में और अधिक जोश व ऊर्जा के साथ अपने कार्य क्षेत्र में प्रदत कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करें।



### 22 पुलिस कार्मिक अति उत्तम सेवा चिह्न से हुए सम्मानित

» हैड कांस्टेबल दौलत सिंह, दिवाकर प्रसाद, सूरज कुमार, रामेश्वर सिंह व आत्माराम, कांस्टेबल कैलाश चन्द, कुशल चन्द, दातार सिंह, मेघ चन्द, सतवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, जतन लाल, राजेश कुमार, सांवरमल, कैलाश चंद्र, कमलेश कुमारज़ प्रमोद कुमार, विशम्भर दयाल, अशोक कुमार व महेंद्र सिंह, कांस्टेबल चालक सज्जन सिंह व शिवपाल सिंह को अति उत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- **डीजीपी डिस्क से 33 पुलिस अधिकारी व कार्मिक सम्मानित हुए**

डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया, सतीश कुमार यादव, शालिनी राज, भरत राज, पुलिस उप अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह महला, ओमप्रकाश मीना, पुलिस निरीक्षक उमेश बेनीवाल, अन्तिम शर्मा, राम सिंह नाथावत, बृजभान सिंह (सेवानिवृत्त), उप निरीक्षक कदीर खान, सहायक उप निरीक्षक मुकेश राजावत व अमरचंद, हेड कांस्टेबल मोहम्मद यूनुस खान, बृजेश कुमार निगम, उस्मान अली, सुरेंद्र कुमार शर्मा व शंकर दयाल शर्मा, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, नेतराम सैनी, अशोक सिंह, अशोक कुमार वर्मा, रामचंद्र, गिरवर सिंह, मनोज कुमार, नरेंद्र कुमार सैनी, सुभाष चन्द गोरेड़ा, सूरजमल, शंकर लाल, मनीष कुमार एवं अमन कुमार शामिल है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया व भरत राज, पुलिस उप अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह महला, पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, रामचंद्र व गिरवर सिंह ने दूसरी बार डीजीपी डिस्क प्राप्त किया।

- **14 अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित**

पुलिस निरीक्षक राम सिंह, उप निरीक्षक महेश कुमार टांक, जसवंत सिंह, राजेश कुमार शर्मा व बाबूलाल, हैड कांस्टेबल हरि सिंह कर्णावत, बृजेश कुमार निगम व गोपाल लाल, कांस्टेबल सूरजमल, वासुदेव गोस्वामी, सीताराम सामरिया, गोपाल बहादुर रांका, गिरधारी लाल व जुगल किशोर शर्मा को अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- **20 पुलिसकर्मियों को मिला उत्कृष्ट सेवा पदक**

उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वालों में पुलिस निरीक्षक सुनील शर्मा व उम्मेद सिंह, उप निरीक्षक राम सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह व बनवारी लाल शर्मा, हैड कांस्टेबल राजकुमार, सुशीला यादव व कृष्णा नायक, कांस्टेबल राकेश कुमार, स्वामी शरण, श्याम लाल, अमित कुमार भरतपाल यादव सत्यवीर दिलीप सिंह सुमन कुमारी व बीज राज, कांस्टेबल चालक रतनलाल मीणा, रमेश चन्द शर्मा व दिनेश चन्द शर्मा शामिल थे।

- **14 को सर्वोत्तम सेवा चिह्न**

उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, हैड कांस्टेबल खेम सिंह गौड़, ओमप्रकाश बैरवा, संजय कुमार, जय सिंह मीणा, ओम प्रकाश, पवन कुमार शर्मा, किशोर सिंह, पृथ्वी पाल सिंह व कालूराम मीणा, कांस्टेबल राजकुमारी, कुतुबुद्दीन, सलीम खान व हरलाल को सर्वोत्तम सेवा चिह्न से सम्मानित किया।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त शहर जयपुर के सीटी डिविजनों में पेंडिंग वर्क ऑर्डरों पर प्रमुख शासन सचिव ले संज्ञान

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त शहर जयपुर के सीटी डिविजनों में कई टेंडरों में कार्य पूर्ण होने की तिथि निकलने के पश्चात भी अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं , चमकता राजस्थान ने यह मामला पूर्व में भी उठाया था लेकिन अब तक पेंडिंग वर्क ऑर्डर के मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है प्रमुख शासन सचिव को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई वर्क ऑर्डरों में पिछले कई माह से तिथि निकल चुकी है लेकिन अधिकारी मिलीभगत के चलते ने तो ठेकेदारों पर पेनल्टी लगा रहे हैं न ही कार्य को वापस ले रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार टेंडर लेकर वर्क आर्डर जारी किए जाने की तिथि के पश्चात निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न करने के पश्चात भी पुरानी तिथियों में बिल बनाकर पैसा उठा लेते हैं, अधिकारियों को चाहिए की ऐसे ठेकेदारों की पहचान कर इस पर विराम लगाया जाए।

ऐसे कार्यों को सूचीबद्ध कर संबंधित ठेकेदार को फाइनल नोटिस जारी किया जाय।

यदि इस नोटिस पर भी ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जाय तो वर्क ऑर्डर निरस्त किया जावे। साथ ही इनको ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाय। इसके साथ ही ठेका शर्तों का उल्लंघन करने पर अमानत और अंतर की राशि को सीज करने का आदेश दिया ज़ावे। साथ ही जिन ठेकेदारों ने वर्कऑर्डर मिलने के बाद फिजिकली काम शुरू नहीं किया उनका वर्क ऑर्डर रद्द किया जावे।

### खो नागोरियान में राज फुटवियर शॉप का हुआ भव्य उद्घाटन




**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** अक्सा मस्जिद खो नागोरियान में राज फुटवियर का हुआ उद्घाटन इस दौरान आदर्श नगर विधानसभा के रामगंज ब्लॉक के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा,रशीद खान माहिगीर,पार्षद छोटू राम मीणा,पार्षद प्रत्याशी इमरान खान ,मोहसिन, जियाउद्दीन कुरैशी महमूद खान, सरीफ, हाफिज, हकीम माहिगीर, हबीब माहिगीर आदि मौजूद रहे इस मौके पर राज फुटवियर के प्रोपराइटर रईस माहिगीर ने बताया खो नागोरियान में फूट्वित्र कई शॉप की कमी थी जिसको देखते हुए राज फूटवियर नामक शॉप खोली है जिसपर अब किफायती दरों अनेक वैरायटी की लेडिस एवं जेंट्स और फैंसी एवं स्कूलों के सभी ब्रांड के जूते चप्पलें मिल सकेंगें।

## करौली जिले में थाना सूरौठ व श्रीमहावीरजी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# सर्राफा व्यवसायी की दुकान पर हुई चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

### चुराए गए शत प्रतिशत जेवर, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व लोहे का सरिया एवं पुलिस पैटर्न के लाल जूते जप्त

**जयपुर /करौली !(खलील कुरैशी) 02 सितंबर।** करौली जिले में करीब ढाई महीने पहले रात के समय सूरौठ कस्बे में एक सर्राफा व्यवसायी की दुकान में नकाबपोश बदमाशों द्वारा की गई चोरी की घटना का खुलासा कर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चुराए गए सभी चांदी के जेवरात एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व लोहे का सरिया एवं पुलिस पैटर्न के लाल जूते जब्त किए हैं।एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि घटना के संबंध में 20 जून को व्यापारी चंदन सोनी द्वारा रिपोर्ट दी गई कि कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित उसकी दुकान से रात के समय तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाश लोहे की लग्गी से दुकान तोड़कर काउंटर में रखें करीब साढे तीन किलो वजन के चांदी के गहने चुरा ले गए।घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की पहचान



एवं गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल व सीओ गिरधर सिंह के सुपरविजन एवं एसएचओ सूरौठ महेश कुमार व एसएचओ श्रीमहावीर जी कैलाश चंद्र के नेतृत्व में गठित की गई विशेष टीम द्वारा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज प्राप्त संदिग्धों की पहचान के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर की। इसी दौरान 25 अगस्त को थाना सूरौठ व श्रीमहावीरजी के कांस्टेबल सुमेर सिंह व अमर सिंह को चोरी के बारे में इनपुट मिले।प्राप्त इनपुट को डवलप करने पर संदिग्ध की पहचान चांदन गांव निवासी ओमेंद्र सिंह गुर्जर के रूप में मिलने पर दोनों कांस्टेबल ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। इस पर स्पेशल टीम द्वारा आरोपी ओमेंद्र सिंह गुर्जर पुत्र गजुआ (20) निवासी चांदन गांव थाना श्रीमहावीरजी को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की सूचना पर घटना में शामिल अर्जुन गुर्जर पुत्र मुंशीलाल (20) निवासी निसुरा थाना बालघाट जिला गंगापुर सिटी एवं मानू गुर्जर पुत्र राम खिलाड़ी (22) निवासी नगला ज्ञानी थाना सदर बयाना जिला भरतपुर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### सबूत मिटाने के लिए कपड़े जलाएं

» वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों ही चांदन गांव में ओमेंद्र के घर पहुंचे। सीसीटीवी में पहचान के डर से पहने हुए कपड़ों को गांव में शमशान घाट के पास जलाकर नष्ट कर दिया। इसके बाद तीनों ने चांदी का बराबर बराबर बंटवारा कर लिया। ओमेंद्र व अर्जुन ने श्रीमहावीरजी कस्बे तथा मानू ने बयाना में चोरी के जेवर बेचने का कई जगह प्रयास किया।

### पुलिस द्वारा की गई बरामदगी

» पुलिस ने आरोपी ओमेंद्र गुर्जर के घर से उसके हिस्से में आई एक तिहाई चांदी के जेवर, अर्जुन गुर्जर के घर से चांदी के जेवर व घटना के समय पहने हुए पुलिस पैटर्न के टीएसएफ के लाल जूते तथा मानू गुर्जर के घर से हिस्से में आई चांदी के जेवर व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया। लोहे का सरिया कस्बा फ्रूट के बुडन्देव बाबा मंदिर के पास से बरामद किया गया।

### नूर के बांध की दीवार टूटने से कब्रों में घुस गया पानी

# जयपुर के खो-नागोरियन इलाके में कब्रिस्तान में घुसा बांध का पानी, खुले में पानी में बहती दिखी लाशें

## स्थानीय पुलिस- प्रशासन और आमजन ने संभाला मोर्चा, लाशों को रस्सी के सहारे से पानी से निकाला

चमकता राजस्थान

**जयपुर,! (खलील कुरेशी) 2 सितंबर।** राजधानी में सोमवार को सुबह बहुत ही हृदय विदारक और विभत्स माजरा देखने को मिला। तेज बरसात की वजह से खो-नागोरियान स्थित नूर का बांध टूट गया। पानी कब्रिस्तान में चला गया। इससे 5 शव कब्र से बाहर निकल आए और पानी के साथ बहने लगे जिसे देखकर इलाकें में हड़कंप मच गया। सूचना पर खो- नागोरियान पुलिस मौके पर पहुंची और फिर अतिरिक्त जाप्ता भी कब्रिस्तान के आसपास तैनात कर दिया गया। हालांकि इससे पहले ही स्थानीय लोगों ने रस्सों के सहारे लाशों को पानी से बाहर निकालने के प्रयास शुरू कर दिए थे।जानकारी के मुताबिक तेज बारिश के कारण सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे वन विभाग के अंदर आने वाले नूर का बांध की दीवार टूट गई, जिसकी वजह से यह घटना घटित हुई। बताया जाता है कि पहाड़ियों के पीछे बने बांध की भराव क्षमता करीब 25 फीट है। लगातार

### मुस्लिम विधि विधान से लाशों को पुनः दफ़नाया जायेगा

गए हो रही बारिश के चलते यह बांध वर्ष पूरा भर गया था। पिछले वर्ष भी वन रहे विभाग ने जेसीबी से कच्चा रास्ता रविवार रात को तेज बारिश होने के कारण दीवार के ऊपर से पानी निकलने गया। थोड़ी ही देर में दीवार का एक हिस्सा टूट गया। जिससे 300 मीटर दूरी पर कब्रिस्तान की चारदीवारी का हिस्सा पानी से ढह गया और पानी अंदर चला गया। इससे कब्र से 5 लाशें बाहर आ गई और पानी में बहते हुए नाले तक पहुंच गई। लोगों ने देखा तो लाशों को बाहर निकाला।वैसे ढलान होने के कारण पानी अपने स्तर पर ही कुछ समय में नीचे उतर गया था, लेकिन लाशें पानी के साथ किनारों पर आकर टिक गई थी। अवशेष पानी की सतह पर आ गए थे जिन्हें देखकर आसपास कुत्ते भी मंडराने लगे। पुलिस के जाब्ते को बांध के टूटे हिस्से की तरफ खड़ा करवा दिया।







### 6 स्थानों पर किए जाएंगे पौंधे वितरित

## जयपुर शहर को हरा-भरा बनाने के लिए जेडीए रियायती दरों पर बांटेगा छायादार एवं फलदार दस हजार पौधें

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 02 सितम्बर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर को जन सहयोग से हरा-भरा बनाने के लिए हर वर्ष की भांति पौधा वितरण का कार्य शुरू किया जा रहा है। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 04 सितम्बर 2024 से जविप्रा के द्वारा आमजन को निम्नानुसार वितरण केन्द्रों पर 10 हजार पौंधे वितरित किये जायेंगे।जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 10 फीट ऊंचाई के 10000 पौधें जन साधारण को रियायती दर पर वितरित किये जायेंगे। दिनांक 04.09.2024 से जविप्रा के द्वारा आमजन को निम्नानुसार वितरण केन्द्रों पर पौधें वितरित किये जायेंगे पौधे वितरण केन्द्र दो हजार पौधे वितरित किये जायेंगे। जवाहर सर्किल में 2000 पौधों के लिए अब्दुल मजीद, मो. 9413340438 व लालचंद मीणा, मो.9414745374 पर सम्पर्क कर सकते हैं। सेन्ट्रल पार्क में 1000 पौधे हेतु उमेश गुप्ता, मो. 9414322649 व लालचंद मीणा, मो. 9414745374, वैशाली नर्सरी पार्क में 1500 पौधे हेतु जितेन्द्र सिंह, मो. 9929239628 व लालचंद मीणा, मो. 9414745374, त्रिवेणी नगर, सामुदायिक केन्द्र में 2000 पौधे हेतु उमेश गुप्ता, मो. 9414322649 व लालचंद मीणा, मो. 9414745374, करधनी पार्क में 2000 पौधे हेतु एवं स्मृति वन, सीकर रोड विद्याधर नगर हेतु श्री जितेन्द्र सिंह, मो 9929239628 व लालचंद मीणा, मो. 9414745374 से सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण हेतु प्रति व्यक्ति/प्रति परिवार को पहचान पत्र उपलब्ध कराने पर छायादार/ फूलदार/ फलदार प्रजाति के अधिकतम पांच पौधें 50/- रू. (पचास रु. प्रति पौधा) की दर से दिये जायेंगे। कार्य प्रभारी/जोन प्रभारी द्वारा पौधे प्राप्तकर्ता को पौधें प्राप्ति की रसीद देना आवश्यक होगा। कार्य प्रभारी / जोन प्रभारी द्वारा वितरित किये जाने वाले पौधों की निर्धारित वितरण पंजिका संधारित की जायेगी। कार्य प्रभारी / जोन प्रभारी द्वारा वितरित किये गये पौधों से प्राप्त राजस्व को तीन दिवस में चालान द्वारा प्राधिकरण परिसर में स्थित आईसीआईसीआई बैंक में जमा करायेंगे।साथ ही जविप्रा पौध वितरण केन्द्र पर एक सेल्फी पॉइंट बनाया गया है जिसकी थीम ष्मेरा पौधा मेरी शानष है। आमजन पौधे प्राप्त करके सेल्फी लेकर उद्यान अधीक्षक के मोबाईल नं. 9413340438 पर प्रेषित कर सकेंगे। आमजन से अपील की जाती है कि निर्धारित राशि का भुगतान करके गुणवत्ता पूर्ण पौधें ही स्वीकार करें। वितरित किये जा रहे पौधों की दर एवं गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वरिष्ठ उद्यानविज्ञ, कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## एसीबी ने डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा के निर्देशन में दिया भ्रष्टाचारीयों के खिलाफ ताबड़तोड़ ट्रैप कार्रवाई को अंजाम

- **भिवाड़ी, अलवर में सेन्ट्रल जी.एस.टी. का इन्सपेक्टर एवं सहायक कर्मचारी (संविदाकर्मी) 1 लाख 40 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

चमकता राजस्थान





जयपुर! (खलील कुरैशी) 02 सितम्बर, सोमवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर अलवर-द्वितीय इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये देवेन्द्र गुर्जर इन्सपेक्टर, सेन्ट्रल जी.एस.टी., संभाग-डी भिवाड़ी, अलवर एवं भावसिंह मेघवाल सहायक कर्मचारी (संविदाकर्मी) कार्यालय सेन्ट्रल जी.एस.टी., संभाग-डी भिवाड़ी, अलवर को परिवादी से 1 लाख 40 हजार रुपये रश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मे-हरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की अलवर-द्वितीय इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी फर्म के वेरूद्ध जी.एस.टी. चोरी की कार्यवाही नहीं करने एवं उसे दिये गये नोटिस का निस्तारण करने की एवज में आरोपी देवेन्द्र गुर्जर इन्सपेक्टर, सेन्ट्रल जी.एस.टी., संभाग-डी भिवाड़ी, अलवर द्वारा 1 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी की अलवर-द्वितीय इकाई के उप अधीक्षक पुलिस परमेश्वर लाल के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपीगण देवेन्द्र गुर्जर इन्सपेक्टर, सेन्ट्रल जी.एस.टी., संभाग-डी भिवाड़ी, अलवर एवं भावसिंह मेघवाल सहायक कर्मचारी (संविदाकर्मी) कार्यालय सेन्ट्रल जी.एस.टी., संभाग-डी भिवाड़ी, अलवर को परिवादी से 1 लाख 40 हजार रुपये (10 हजार रुपये भारतीय प्रचलित मुद्रा एवं 1 लाख 30 हजार रुपये डमी केरेंसी) की रिश्वत लेते रंगे हाथों गरफ्तार किया गया है।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपीगण से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वा-रा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हैं३रंस्त्रत्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 247 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

## राजधानी के शास्त्री नगर इलाके के दो सगे भाइयों के लापता होने के मामले ने पकड़ा तूल

- **नाहरगढ़ की पहाड़ियों पर झाड़ियों के बीच मिला आशीष का शव**
- **उग्र भीड़ ने थाने के बाहर टायर जलाया, सर्किल पर रास्ता बंद किया**
- **आशीष के बड़े भाई राहुल को देर रात तक तलाशती रहें पुलिस प्रशासन एवं परिजन**

चमकता राजस्थान

जयपुर, (खलील कुरैशी) 2 सितंबर राजधानी जयपुर के शास्त्री नगर थाना इलाके से रविवार सुबह चरण मंदिर दर्शन को निकले दो सगे भाइयों में से छोटे भाई आशीष शर्मा का शव सोमवार को नाहरगढ़ की पहाड़ियों पर झाड़ियों में पड़ा मिला। उसके शरीर पर चोट के निशान मिले है। आंखों पर चश्मा लगा हुआ था। आशीष की मौत की सूचना मिलते ही उसके घर में कोहराम मच गया।





- **जीवन में अब कुछ नहीं बचा :-पिता सुरेश शर्मा**

आशीष और राहुल के पिता सुरेश शर्मा ने बताया कि जीवन में अब कुछ नहीं बचाए सब खत्म हो गया। राहुल ने एमकॉम कर ली थी और आशीष एमकॉम में द्वितीय वर्ष में। दोनों ही एक निजी कम्पनी में नौकरी करते थे। सुरेश की आंखों से आंसू रुक नहीं रहे थे और दोनों की मां बार-कर बेहोश होकर अपने दोनों बच्चों के नाम पुकार रही थीं।

### परिजनों ने पुलिस पर लगायें लापरवाही बरतने के आरोप

पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों सहित स्थानीय निवासियों ने थाने का घेराव किया और सर्किल के रास्तों को बंद किया। दिनभर पुलिस अधिकारी उनसे समझाइश करते रहे। वहीं, आशीष के बड़े भाई राहुल शर्मा की देर रात तक तलाश जारी रही। नाहरगढ़ की पहाड़ियों पर एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस की टीमों ने पुलिस के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन जारी रखा। एडीसीपी बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि आशीष शर्मा का शव मिल गया है, जबकि उसका भाई राहुल अभी भी लापता है। अभी तक की जांच में सामने आया कि आशीष एक चढ़ाई से 50 फीट नीचे गिर गया था, जिससे उसको अंदरूनी चोट आई और उसकी मौत हो गई। हालांकि पूरा खुलासा पोस्टमार्टम के बाद ही हो सकेगा। राहुल की तलाश के लिए चरण मंदिर के पीछे के जंगलों में टीमें सर्च कर रही है। देर रात तक उसका पता नहीं चल सका है। आशीष के शव को सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है।

### स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान (द्वितीय), घर-घर पहुंचेंगी टीम

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियानः 30 सितंबर तक चलेगा

चमकता राजस्थान



**कोटपूतली-बहरोड़,(धर्मेंद्र बंसल) 2 सितंबर।** बारिश के दौरान मौसमी बीमारियां जैसे मलेरिया, डेंगू आदि रोगों पर नियंत्रण, रोकथाम एवं बचाव के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान का द्वितीय चरण 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि चिकित्सा, स्थानीय निकाय, पंचायतीराज एवं समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के लिए घरों का सर्वे, सोर्स रीडक्शन, एन्टीलार्वल, एंटीएडल्ट एवं जागरुकता के लिए आईईसी गतिविधियां आदि के जरिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे तथा डेंगू केसेज में ज्यादातर बढ़ोतरी अगस्त से लेकर नवम्बर माह में होती है। ऐसे में मच्छरों की ट्रांसमिशन श्रृंखला को तोड़ने के लिए मच्छर रोधी गतिविधियां आवश्यक होती हैं। उन्होंने बताया कि सभी बीसीएमओ को डोमेस्टिक ब्रीडिंग चौकर, आशा-एएनएम एवं सीएचओ की टीम और पर्यवेक्षण के लिए एलएचवी, पीएचएम एवं मल्टीपर्पज वर्कर की टीम गठित कर नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। बुखार के रोगियों की स्लाईड एकत्रण, सर्वे, एन्टोमोलॉजिकल सर्वे एवं हाउस इंडेक्स आदि की नियमित मॉनिटरिंग करने को भी कहा है।

इसके साथ ही स्थानीय निकायों के माध्यम से समन्वय स्थापित कर नालियों में एमएलओ डालना, नालियों, टंकी इत्यादि की साफ-सफाई, फागिंग, सड़क पर बने गड्ढों को भरना एवं लार्वा पाए जाने वाले घरों में नियमानुसार नोटिस-चालान कार्रवाई की जाएगी। नगर निकायों में पदस्थापित सेनेटरी इंस्पेक्टर के द्वारा इस अभियान के नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। पंचायती राज के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में फागिंग कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी नागरिक को बुखार आने पर नजदीकी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक रूप से जांच जरुर करवानें तथा झोलाछाप डॉक्टर के चक्कर में न फंसने की हिदायत भी दी। अभियान के तहत नागरिक सुरक्षा, चिकित्सा शिक्षा विभाग, आयुर्वेद विभाग, समाज कल्याण विभाग, शहरी विकास विभाग, शिक्षा विभाग को भी जिम्मेदारी दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### वॉलीबॉल: पोलैंड, अमेरिका ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता



**शीआन।** पोलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका ने रविवार को उत्तर-पश्चिम चीन के शांग्लुओ शहर में आयोजित अंडर-19 विश्व बीच वॉलीबॉल चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। पोलैंड के शिमोन पिएत्रस्जेक और जैकब क्रजेमिंस्की तथा लातविया के मैटिस साल्कोव्स्की और कार्लिस जौंडजेकर्स के बीच पुरुषों के फाइनल में, पोलिश जोड़ी ने पहले सेट में छह सेट पॉइंट बचाए और फिर 25-23 से सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में, स्कोर एक बार 18-18 से बराबर हो गया था। लातवियाई जोड़ी दो में से एक मैच पॉइंट बचाने में सफल रही, लेकिन पिएत्रस्जेक ने निर्णायक स्पाइक के साथ 21-19 से जीत दर्ज की। महिलाओं की प्रतियोगिता में, यू.एस. की जोड़ी मिरिया मैसी और लिली डेविस का सामना स्पेन की सोफिया इजुज्क्विजा कोरुल्ला और मार्टा कैरो मार्केज डी एक्यूना से हुआ। पहले सेट के मध्य में अमेरिकी खिलाड़ियों ने 5 अंकों की बढ़त बना ली थी, जिसमें मैसी ने अपने लम्बे विरोधियों के खिलाफ स्पाइक्स और डिंक्स का प्रभावी ढंग से मिश्रण किया और अमेरिकी टीम ने पहला सेट 21-16 से जीत लिया। दूसरे सेट की शुरूआत में, स्पेनिश जोड़ी 1-5 से पीछे हो गई, जबकि टाइमआउट के बाद लगातार तीन अंक वापस लेने में सफल रही। हालाँकि, अमेरिकी टीम ने पूरे समय अपना नियंत्रण बनाए रखा। मैच का समापन मार्टा कैरो द्वारा नेट में सर्विस करने के साथ हुआ, जिससे अमेरिकी जोड़ी ने 21-16 से जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा कर लिया।

### आईएसएल 2024-25: बीसी जिंदल ग्रुप ने हैदराबाद एफसी का किया अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** बीसी जिंदल समूह के अंतर्गत जिंदल फुटबॉल ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम हैदराबाद एफसी का अधिग्रहण कर लिया है। यह अधिग्रहण बीसी जिंदल समूह का भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में पहला उद्यम है, जिसमें समूह का समग्र ध्यान भारत में खेलों के आकांक्षात्मक मूल्य को बढ़ाने और युवा भारतीय प्रतिभाओं को वैश्विक स्तर पर विकसित होने और प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करने पर है। नवाबों के नाम से मशहूर हैदराबाद एफसी की टीम 19 सितंबर को बेंगलुरु एफसी के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। 27 अगस्त, 2019 को स्थापित, हैदराबाद एफसी ने 2021-22 सीजन में आईएसएल खिताब जीतकर अपनी पहचान बनाई, जहां उसने एक रोमांचक फाइनल में केरल ब्लास्टर्स पर जीत हासिल की थी।

### यूएस ओपन : एम्मा नवारो ने गत चैंपियन कोको गॉफ को हराया



**न्यूयॉर्क।** एम्मा नवारो ने सोमवार की सुबह घरेलू पसंदीदा कोको गॉफ को चल रहे यूएस ओपन से बाहर कर दिया। एम्मा ने यह मैच 6-3, 4-6, 6-3 से जीता, जिससे वह लगातार दूसरे प्रमुख क्वार्टरफाइनल में पहुंची और न्यूयॉर्क में गॉफ के 11 मैचों की जीत के सिलसिले को भी समाप्त कर दिया। कुछ महीने पहले जब नवारो ने पहली बार विंबलडन में गॉफ के साथ खेला था, तब वह कोई जानी-मानी हस्ती नहीं थीं, लेकिन फिर भी उन्होंने चौथे राउंड के मैच में सीधे सेटों में अमेरिकी सनसनी को हरा दिया। उन्होंने यह साबित कर दिया कि विंबलडन में मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी, नवारो ने फिर से ऐसा किया है।

# पेरिस पैरालंपिक: निषाद ने जीता रजत पदक

**पेरिस। एजेंसी**

निषाद कुमार ने रविवार देर रात पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस 2024 पैरालिंपिक में भारत के लिए सातवां पदक जीता। निषाद ने 2.04 मीटर की छलांग आसानी से लगाई, लेकिन 2.08 मीटर पर असफल रहे, अपना पहले पैरालंपिक खेलों में भाग ले रहे 24 वर्षीय भारतीय ने 2.06 मीटर के नए एशियाई रिकॉर्ड के साथ रजत पदक जीता। जबकि रूस के जॉर्जी मार्गिएव ने कांस्य पदक हासिल किया। यूएसए के रोडरिक टाउनसेंड ने अपने पहले प्रयास में 2.12 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। टाउनसेंड ने 2021 में भी पैरालंपिक स्वर्ण जीता था। इसके अलावा 2022 एशियाई पैरा खेलों में, उन्होंने चीन के हांग्जो में पुरुषों की ऊंची कूद टी47 में स्वर्ण पदक जीता था।




इस बीच, भारत ने चल रहे पेरिस पैरालिंपिक में एक स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य के साथ कुल सात पदक हासिल किए हैं। रविवार को, भारतीय पैरास्प्रिंटर प्रीति पाल ने 200 मीटर टी-35 में 30.01 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस पदक के साथ, प्रीति ने इतिहास रच दिया क्योंकि वह पैरालिंपिक या ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में 2 पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गईं। इससे पहले, प्रीति ने 14.21 सेकंड का समय लेकर टी35 100 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान हासिल किया और कांस्य पदक जीता, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भी है।

## भाविनाबेन पटेल क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस। एजेंसी**

भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल चल रहे पेरिस पैरालिंपिक 2024 में महिला एकल डब्ल्यूएस4 वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने रविवार रात मैक्सिको की मार्था वर्डिन के खिलाफ तीन सीधे सेटों (11-3, 11-6, 11-7) में अपना मैच जीता। दूसरी ओर, दूसरी महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी सोनलबेन पटेल क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गईं। वह महिला एकल - डब्ल्यूएस3 में क्रोएशिया की एंडेला मुजिनिक विंसेटिक के खिलाफ राउंड ऑफ 16 में 3-11, 12-10, 7-11,5, 11 से अपना मैच हार गईं। इससे पहले 30 अगस्त को भाविना और सोनलबेन पदक जीतने से चूक गईं थीं, क्योंकि उन्हें कोरिया की यंग ए जंग और सुंघी मून की जोड़ी ने महिला डबल्स टेबल टेनिस क्वार्टर फाइनल में हरा दिया था। मैच 5-11, 6-11, 11-9, 6-11 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ। इस बीच, सोमवार की सुबह (भारतीय समयानुसार) निषाद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 में रजत पदक जीता। इसके साथ ही भारत ने चल रहे पेरिस पैरालिंपिक में अब तक कुल सात पदक हासिल कर लिए हैं, जिसमें एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य शामिल हैं।



## रोमांचक मुकाबले में राकेश कुमार कांस्य पदक से चूके

**पेरिस। एजेंसी**

पेरिस पैरालिंपिक 2024 में सोमवार (भारतीय समयानुसार) को पुरुषों के पैरा तीरंदाजी व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन कांस्य पदक मैच के रोमांचक समापन में राकेश कुमार को दिल तोड़ने वाला अंत देखने को मिला। कुमार कांस्य पदक से चूक गए, वह 146-147 के स्कोर के साथ चीन के ही जीहाओ से सिर्फ एक अंक पीछे रहे। नजदीकी हार के बावजूद, कुमार का चौथा स्थान पाना पैरालिंपिक इतिहास में किसी भारतीय कंपाउंड तीरंदाज की सर्वोच्च उपलब्धि है। प्रतियोगिता में इससे पहले, कुमार ने राउंड ऑफ 16 में इंडोनेशिया के विश्व नंबर 2 केन स्वगुमिलांग को हराया और क्वार्टर फाइनल में कनाडा के काइल ट्रेम्बले को हराया। हालांकि, वह सेमीफाइनल में चीन के ऐ शिनलियांग से हार गए।



भारत ने अब तक चल रहे पेरिस पैरालिंपिक में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य के साथ कुल सात पदक हासिल किए हैं। सोमवार को निषाद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 में भी रजत पदक जीता। रविवार को भारतीय पैरास्प्रिंटर प्रीति पाल ने 200 मीटर टी-35 में 30.01 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। इस पदक के साथ, प्रीति ने इतिहास रच दिया क्योंकि वह पैरालिंपिक या ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में 2 पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गईं।

## योगेश ने पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ56 में जीता रजत

**नई दिल्ली। एजेंसी**

योगेश कथुनिया ने सोमवार को स्टेड डी फ्रांस में आयोजित पेरिस 2024 पैरालिंपिक के पैरा-एथलेटिक्स पुरुष डिस्कस एफ56 स्पर्धा में रजत पदक जीता। यह भारत का पैरालिंपिक में आठवां पदक था। 27 वर्षीय योगेश ने इस स्पर्धा में 42.22 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया, जो इस सत्र का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने 46.86 मीटर के पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। ग्रीस के कोंस्टेंटिनोस त्जुनिस ने 41.32 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। स्लोवाकिया के डुसन लैक्जको 41.20 मीटर थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। सर्बिया के नेबोजसा ड्यूरिक ने क्वालीफाई करने के बावजूद फाइनल में भाग नहीं लिया। योगेश ने अपने सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए थ्रो की शुरूआत की। उनके 42.22 मीटर थ्रो ने उन्हें ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस के पीछे दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। योगेश को ब्राजील खिलाड़ी को पछाड़ने के लिए लंबी दूरी तक थ्रो करना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ क्योंकि 27 वर्षीय खिलाड़ी की दूरी प्रत्येक थ्रो के साथ कम होती गई। 41 मीटर के दो थ्रो के बाद 40 के रेंज में दो थ्रो हुए और फिर 39.68 मीटर का अंतिम थ्रो हुआ। त्जूनिस क्रम में अंतिम स्थान पर रहे, लेकिन अपने पांचवें प्रयास में 41.32 का सर्वश्रेष्ठ थ्रो ही कर पाए, जिससे उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।



## शिवराजन-निथ्या कांस्य पदक में हारे

**पेरिस।** शिवराजन सोलाईमलाई और निथ्या श्री सिवन की भारतीय मिश्रित युगल पैरा-बैडमिंटन जोड़ी को सोमवार को चल रहे पेरिस पैरालिंपिक में कांस्य पदक मैच में हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल एसएच6 कांस्य पदक मैच में, शिवराजन-निथ्या की जोड़ी इंडोनेशिया की रीना मार्लिना और सुभान से दो सीधे गेमों में 17-21, 12-21 से हार गई। मिश्रित युगल एसएच6 श्रेणी के सेमीफाइनल में, शिवराजन और निथ्या यूएसए के एम क्रेजेवस्की और जे साइमन से 21-17, 14-21, 13-21 से हार गए, लेकिन कांस्य पदक मैच के लिए क्वालीफाई कर गए।

## टेलर फ्रिट्ज, ग्रिगोर दिमित्रोव पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में



**न्यूयॉर्क। एजेंसी**

अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज ने नॉर्वे के कैस्पर रूड को हराकर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। फ्रिट्ज ने रूड पर 3-6, 6-4, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह मैच दो घंटे और 44 मिनट तक चला। मैच जीतने के बाद, टेलर फ्रिट्ज ने स्वीकार किया कि उनके प्रतिद्वंद्वी रूड मैच में अच्छा खेल रहे थे। फ्रिट्ज ने एटीपी के हवाले से कहा मुझे बस इसमें बने रहना था क्योंकि मुझे लगा कि उसने पहले सेट में मुझे मात दे दी। मेरे और उसके पास कुछ मौके थे और उसने उन्हें भुनाया। वह अच्छा खेल रहा था और मैंने दूसरे सेट की शुरूआत में कुछ कड़े सर्विस गेम से बाहर निकलने और स्कोरबोर्ड पर दबाव बनाने के लिए वास्तव में अच्छा काम किया। मुझे लगता है कि उसके बाद उसका स्तर थोड़ा गिर गया होगा। मुझे दूसरे सर्व पर अधिक मौके मिल रहे थे और मैं बस वहीं से जीत सकता था।

अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि वह एक समय में एक मैच पर ध्यान दे रहे हैं और किसी भी अतिरिक्त दबाव में नहीं हैं। ईमानदारी से कहूं तो मैं एक बार में एक मैच पर ध्यान दे रहा हूं। मुझे लगता है कि इससे दबाव बढ़ सकता है। मैं 2022 में यह कहकर आया था कि मैं इसे जीत सकता हूं और मैं पहले दौर में हार गया। मुझे लगता है कि एक बार में एक मैच पर ध्यान देना अच्छा है। इस बीच, बुल्गारियाई टेनिस खिलाड़ी ग्रिगोर दिमित्रोव भी यूएस ओपन के राउंड ऑफ 16 में रूस के एंड्री रुबलेव को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

## भारतीय पैरा-स्प्रिंटर प्रीति पाल ने रचा इतिहास

## पेरिस पैरालिंपिक में जीता दूसरा पदक

**पेरिस। एजेंसी**

भारतीय पैरा स्प्रिंटर प्रीति पाल ने रविवार देर रात 200 मीटर टी-35 रेस में कांस्य पदक जीता। इस पदक के साथ, प्रीति ने इतिहास रच दिया क्योंकि वह पैरालिंपिक या ओलंपिक में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में 2 पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गईं। इस स्पर्धा में प्रीति ने 30.01 सेकंड में दौड़ पूरी कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले शुक्रवार को प्रीति ने महिलाओं की टी35 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 14.21 सेकंड का समय लिया, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भी था। पैरा-एथलीट ने पेरिस पैरालिंपिक में अपना दूसरा पदक जीतने के बाद कहा मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की और मुझे खुशी है कि मैंने एक और पदक जीता। 100 मीटर में पदक जीतने के बाद लोगों ने मुझे ट्रोल किया और इससे मुझे और बेहतर करने की प्रेरणा मिली। इससे पहले, प्रीति की लगन और कड़ी मेहनत का नतीजा विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 के लिए उनके चयन के रूप में सामने आया, जहां उन्होंने 100 मीटर और 200 मीटर दोनों स्पधाओं में कांस्य पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पेरिस पैरालिंपिक के लिए अपना कोटा प्राप्त किया। इस पदक के साथ, भारत ने चल रहे पेरिस पैरालिंपिक में एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य सहित कुल छह पदक हासिल कर लिए हैं।



# वाणिज्य



## शेयर बाजार के सूचकांकों ने एक बार फिर ऑल टाइम हाई का बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी का सिलसिला सोमवार को भी जारी है। शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों ने एक बार फिर ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाते हुए कारोबार की शुरूआत की। हालांकि बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में मामूली गिरावट भी आई। इसके बावजूद दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में कारोबार करते नजर आ रहे हैं। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, हीरो मोटोकॉर्प, आईटीसी और बजाज ऑटो के शेयर 2.24 प्रतिशत से लेकर 1.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और ओएनजीसी के शेयर 1.58 प्रतिशत से लेकर 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 359.71 अंक उछल कर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 82,725.28 अंक के स्तर पर खुला।



## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में तेजी का माहौल बना रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद लाल निशान में बंद हुए। एशियाई बाजारों मिला-जुला कारोबार हो रहा है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होते रही, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,648.40 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 197.19 अंक यानी 1.13 प्रतिशत की छलांग लगा कर 17,713.62 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 41,483.67 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,376.63 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.13 प्रतिशत टूट कर 7,630.95 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।



## मारुति सुजुकी ने ऑल्टो के10 और एस-प्रेसो के चुनिंदा मॉडल की कीमत घटाई

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने अपने ऑल्टो के10 और एस-प्रेसो मॉडल के चुनिंदा वेरिएंट की कीमतों में तत्काल प्रभाव से कटौती की है। नई दरें सोमवार से लागू हो गई है। मारुति सुजुकी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी ने ऑल्टो के10 और एस-प्रेसो के कुछ वेरिएंट की कीमतों में कटौती की है। कंपनी ने कहा कि 2 सितंबर से एस-प्रेसो एलएक्सआई पेट्रोल की कीमत 2,000 रुपये और ऑल्टो के10 वीएक्सआई पेट्रोल की कीमत 6,500 रुपये घटाई गई है। इससे एक दिन पहले एक सितंबर को कंपनी ने शेयर बाजार को बताया था कि अगस्त 2024 की बिक्री में लगभग 3.9 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है। कंपनी ने अगस्त, 2023 में 189,082 इकाइयों की तुलना में अगस्?त, 2024 में 181,782 इकाइयां बेची है।

## भारत की विकास संभावनाएं उज्ज्वल, लेकिन वित्तीयकरण से बचना होगा : डॉ. नागेश्वरन

**मुंबई/नई दिल्ली। एजेंसी**

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को यहां कहा कि भारत मजबूत वैश्विक आर्थिक विकास के लिए बेहतर स्थिति में है, लेकिन देश को वित्तीयकरण के प्रति सतर्क रहना चाहिए। क्योंकि, यह 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। डॉ. नागेश्वरन ने मुंबई में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) फाइनेंसिंग 3.0 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्?होंने अपने संबोधन में सार्वजनिक नीति और आर्थिक परिणामों को प्रभावित करने वाले एक बड़े वित्तीय बाजार के जोखिमों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं सबसे उज्ज्वल वैश्विक संभावनाओं में से एक हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों के बीच बड़ा अंतर यह है कि इस क्षेत्र में जो कुछ भी होता है, उसके परिणाम पूरी अर्थव्यवस्था और उससे परे तक पहुंचते हैं, इसलिए इसके कंधों पर जिम्मेदारी का एक महत्वपूर्ण भार होता है। डॉ. नागेश्वरन ने कहा कि भारत का शेयर बाजार पूंजीकरण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 140 फीसदी है। भारतीय वित्त क्षेत्र की रिकॉर्ड लाभप्रदता तथा बाजार पूंजीकरण का उच्च स्तर या सकल घरेलू उत्पाद के प्रति बाजार पूंजीकरण का अनुपात एक अन्य कारक उत्पन्न करता है।



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री मोहन यादव के बयान से नाथ समाज में रोष व्याप्त

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को मध्यप्रदेश में आयोजित विमुक्त,घुमक्कड़ और अर्द्धुमक्कड समाज के कार्यकर्म में नाथ समाज को नसीहत देते हुए नाथ समाज को अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में बदलाव की मांग की। राजस्थान नाथ समाज के प्रदेश महामंत्री रणवीर योगी ने बताया की मुख्यमंत्री मोहन यादव का यह बयान नाथ समाज की धार्मिक भावनाए आहत करने वाला है साथ ही बताया की संपूर्ण भारत में नाथ समाज के अनुयाई रहते है और सभी भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देते है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के पधाधिकारियो द्वारा लगातार नाथ समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है अभी कुछ दिन पहले राजस्थान में भाजपा के विधायको और विधानसभा अध्यक्ष द्वारा भी नाथ समाज के आराध्य देव गोरक्ष नाथ जी महाराज को लेकर गोरख धंधा शब्द का उपयोग किया था जिसका लगातार विरोध जारी है। प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर योगी ने बताया की लगातार नाथ समाज की अवहेलना होने से संपूर्ण नाथ समाज में रोष व्याप्त हैं और समय रहते भाजपा अपने पधाधिकारियों पर कार्यवाही करे अन्यथा संपूर्ण भारत में नाथ समाज द्वारा भाजपा का बहिष्कार किया जाएगा और एक बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा ।

### आरना एवं आरवि वर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता स्वर्ण पदक



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** नेशनल कराटे फेडरेशन ऑफ़ इंडिया राष्ट्रीय कराटे चैंपियन कोटा 2024-25 को नेशनल कराटे फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की ओर से पिछले दिनों कोटा में आयोजित की गई। इसमें आरना वर्मा 10 वर्ष की आयु में कुमते स्वर्ण पदक एवं आरवि वर्मा ने 5 वर्ष की छोटी आयु में कुमते में रजत पदक एवं कोटा में स्वर्ण पदक विजेता रही। इस अवसर पर दोनों बहनों ने बताया कि उनके कोच बबलू सिंह के मार्गदर्शन में उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है और अब विश्व स्तर पर समाज गांव एवं देश का नाम रोशन करना चाहती है। साथ ही बताया कि हम दोनों बहिनें काफी कम आयु से ही आत्मरक्षा का प्रशिक्षण ले रही है और सभी लड़कियों से आग्रह करती है कि वह भी अपनी आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण लें, जिससे वह अपने आत्मविश्वास को बढ़ा पाएं। इस अवसर पर पिता हेमराज ने बताया कि मेरी दोनों बिटिया ही काफी होनहार हैं, जो आज मेरा और मेरे परिवार का नाम रोशन कर रही हैं।

### अलग-अलग हादसे में बाइक सवार दम्पत्ति सहित चार जनें घायल



**चमकता राजस्थान । भरतपुर (राजवीर सिंह)।** नदबई-डहरामोड मार्ग पर अलग-अलग हादसे में बाइक सवार दम्पत्ति सहित चार जनें घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार गांव खटौटी निवासी मुकेश सिंह अपनी पत्नी बती देवी को बाइक पर लेकर नदबई आ रहा। इसी दौरान अचानक बाइक की चेन में चुनरी फंसने से बाइक असतुलित होकर फिसल गई। जिसके चलते बाइक सवार दम्पत्ति घायल हो गई। बाद में उपजिला चिकित्सालय से घायल पत्नी बतीदेवी को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया।

उधर, बैलारा सर्किल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को निजी वाहन की सहायता से उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में एक घायल को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। कस्बा निवासी दीपक कुमार पुत्र मुकेश कुमार अपने साथी कर्नल पुत्र बहादुर सिंह के साथ बाइक पर डहरामोड से नदबई आ रहा। इसी दौरान बैलारा सर्किल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट से हादसा हो गया। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। बाद में उपजिला चिकित्सालय से घायल दीपक को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया।

## फतेहपुर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन

# राज्य सरकार शेखावाटी क्षेत्र में नहर के पानी के लिए लगातार काम कर रही है : उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

चमकता राजस्थान




**जयपुर, 02 सितम्बर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को फतेहपुर में सेठ ज्वाला प्रसाद भरतीया अस्पताल द्वारा आयोजित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं सेठ ज्वाला प्रसाद भरतीया चैरिटेबल ट्रस्ट का धन्यवाद करती हूं। जिन्होंने अस्पताल के लिए अपनी भूमि निःशुल्क उपलब्ध करवाई है। उन्होंने कहा कि आपने जो योगदान खुले मन से किया है वह एक सराहनीय कार्य है। इसके लिए उन्होंने राधेश्याम भरतीया का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि हमारी सरकार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशन में शेखावाटी क्षेत्र में नहर के पानी के लिए काम कर रही है। इसके लिए एमओयू पर हस्ताक्षर कर हरियाणा से जल समझौता कियाह गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह कार्य धरातल पर दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि फतेहपुर शेखावाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह अच्छा स्त्रोत है।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि जब मैं यहां आई तो यहां निर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुझे अस्पताल कम और फाईव स्टार होटल ज्यादा लगा। जो अत्यधिक सुन्दर बनाया गया है। उप मुख्यमंत्री ने पूरे परिवार को धन्यवाद देते हुए उनके निःस्वार्थ भाव से उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं व कार्यो की सराहना भी की।

कार्यक्रम में सेठ ज्वाला प्रसाद भरतीया चैरिटेबल ट्रस्ट के चैयरमेन राधेश्याम भरतीया, शांति देवी भरतीया, विजय भरतीया, आरसीए पूर्व सचिव सुभाष जोशी, बंगाल के पूर्व विधायक दिनेश बजाज, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, मधु कुमावत, इन्दिरा गठाला, जितेन्द्र कारंगा सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गोयनका गौरव सम्मान समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को किया सम्मानित

### शेखावाटी के उद्योगपति परिवारों से राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत राजस्थान में निवेश करने का किया आह्वान

चमकता राजस्थान




**जयपुर, 2 सितंबर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर सीकर जिले के फतेहपुर शेखावाटी पहुंची। इस दौरान डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने फतेहपुर में श्री शक्ति गोयनका ट्रस्ट द्वा-रा आयोजित गोयनका गौरव सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि रही। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया।

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित कर अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सम्मान उनकी निःस्वार्थ सेवा और समाज को सशक्त बनाने की दिशा में उनके अनमोल योगदान का प्रतीक है। उन्होंने शेखावाटी के उद्योगपति परिवारों से आ''ान किया कि वह लोग राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत राजस्थान में निवेश करें और राजस्थान के विकास में अपनी भागीदार निभाएं।

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कहा कि जब राजस्थान में वसुंधरा राजे की सरकार थी, उस समय हवेलियों के संरक्षण के लिए कमेटी भी बनी थी। उस समय हवेलियों के संरक्षण को लेकर बहुत कुछ काम भी हुआ था।

उन्होंने कहा फतेहपुर से बड़े व्यवसायी यहां से प्रस्थान कर बाहर गए ओर उन्होंने अपना व्यवसाय स्थापित कर देश के आर्थिक विकास में योगदान दिया है और अपना नाम किया है। राज्य सरकार क्षेत्र के विकास को लेकर गंभीर है। जो पुरानी हवेलिया तोड़ी जा रही है उन्हें रोका जाएगा। उन्होंने कहा प्रशासनिक स्तर पर कार्ययोजना बनाई जाएगी जिससे जो हवेलिया बची हुई है उन्हें तोड़ने से रोका जाए और क्षेत्र में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाए।

डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेशभर में इस बार इंद्रदेव की काफी मेहरबानी रही और खूब अच्छी बारिश हुई जिसके कारण जो सड़के बनी थी वह टूट चुकी है उनकी मरम्मत करवाने का कार्य भी शीघ्र ही शुरू किया जायेगा।

कार्यक्रम में श्री शक्ति गोयनका के चैयरमेन राधेश्याम गोयनका, मैनेजिंग ट्रस्टी सुशील गोयनका, अरूण गोयनका, नवल गोयनका, विष्णु गोयनका, आरके गोयनका, राकेश मुनिम, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, श्रवण चौधरी, जितेन्द्र कारंगा सहित प्रवासीगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शहीद जाबांज सिपाई चिरंजीलाल मीणा की 11वीं पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित

चमकता राजस्थान



**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** वैर उपखंड की हलैना उपतहसील के गांव नसवारा निवासी राजस्थान पुलिस के शहीद जांबाज सिपाई हैड कांस्टेबल चिरंजी लाल मीना की 11 वीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मारक प्रतिमा पर नसवारा के युवाओं ने भावपूर्ण स्मरण कर विनम्र श्रद्धां सुमन अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की,आपको बता दें कि राजस्थान पुलिस के थाना मंडावर ( दौसा ) में चिरंजीलाल मीना तैनात थे, वहीं थाना मंडावर के अंतर्गत गांव ईश्वर खेड़ा मे दिनाक 02 सितंबर 2013 को वहा छिपे दुश्मनों से लोहा लेते हुए मुठभेड़ में हैड कांस्टेबल चिरंजी लाल मीना शहीद हो गए, जिनकी 02 सितंबर 2024 सोमवार को 11वीं पुण्य तिथि मनाई गई वहीं उनको याद किया गया और युवाओं ने उनके पद चिन्हों पर चलने का आहान किया। पुण्य तिथि के अवसर पर गांव के राजकीय विद्यालय में सभी छात्र छात्राओं को पुस्तके वितरित की गई। साथ ही इस मौके पर परिवारिक सदस्यो सहित सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

## सीआरपीएफ से सेवानिवृत हुए शिवजीलाल मीणा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

### भारतीय सैनिक सच्चे देशभक्त हमारे राष्ट्र के गौरव के लिए करते हैं अपना जीवन समर्पित : के सी मीणा



चमकता राजस्थान

**जयपुर।** चारनेट निवासी सब इंस्पेक्टर शिवजीलाल मीणा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल से सेवानिवृत्ति होकर अपने पैतृक गांव पहुंचने पर ग्राम वासियों, स्थानीय सरपंच, पूर्व सरपंच सहित आस पास क्षेत्र के विशिष्ट नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस मौके पर समाजसेवी एवं हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के निर्देशक के सी मीणा ने उनका स्वागत सम्मान करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को देखने से ही मन में देश प्रेम का भाव उमड़ आता हे, आपका सम्मान शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। वास्तव में भारतीय सैनिक सच्चे देशभक्त हैं जो हमारे राष्ट्र के गौरव को बनाए रखने के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत के पास एक बेहतरीन सेना और महान सैनिक हैं जो न केवल हमारे देश के लिए लड़ते हैं, बल्कि हमारे राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में भी आपकी बड़ी भूमिका है।

इस मौके पर शिवजी लाल मीणा ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा की मेरे माता-पिता और आप सबके आशीर्वाद से मुझे देश की सेवा करने का मौका मिला और परमपिता परमेश्वर के आशीर्वाद से हमने पूर्ण ईमानदारी के साथ मां भारती की सेवा की परंतु हम आपने जीवन का हर पल न्योछावर करके भी मां भारती का कर्ज नहीं चुका सकते हे उन्होंने अपने जीवन कई प्रेरणादाय अनुभव भी सुनाए

गौरतलब है कि उप निरीक्षक शिवजीलाल मीणा ने आईटीसी अवाडी से बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भारत के विभिन्न राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जिनमे अंडमान निकोबार, पंजाब, श्रीनगर, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, आंध्रप्रदेश, बिहार, जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, असम, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान में अपनी छत्तीस वर्ष की अनवरत सेवाएं दी है।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रैवासा धाम के पीठाधीश्वर राघवाचार्य जी के निधन पर व्यक्त की संवेदना



चमकता राजस्थान

जयपुर, 2 सितंबर। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी सोमवार को सीकर के रैवासा धाम पहुंची, जहां उन्होंने रैवासा धाम के अग्र पीठाधीश्वर राघवाचार्य जी के निधन पर संवेदना व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राघवाचार्यजी के चित्र पर पुष्प चढाक-र श्रद्धांजलि अर्पित की। रैवासा धाम के वर्तमान पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य ने दिया कुमारी को शॉल ओढ़ाकर अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि रैवासा पीठ का प्राचीन इतिहास है तथा यह पीठ प्राचीन एवं सिद्ध पीठ है। अग्र पीठाधीश्वर राघवाचार्य जी महाराज से हमारे परिवार का पुराना जुड़ाव था।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि रैवासा धाम शक्तिपीठ के महाराज राघवाचार्य जी का आशीर्वाद उन्हें हमेशा मिलता रहा था। उन्होंने कहा कि महाराज जी ने इस क्षेत्र में सनातन संस्कृति को आगे बढाने का कार्य किया। उन्होंने कहा रैवास पीठ के विकास कार्यो के प्रस्ताव प्राप्त होंगे तो उन्हें राज्य स्तर से हर संभव कराने का प्रयास किया जायेगा।

इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रैवासा धाम में जानकीनाथ बड़ा के दर्शन किए।

इस दौरान धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व विधायक सीकर रतन लाल जलधारी, राजकुमार शर्मा, श्रवण चौधरी, प्रभु सिंह गोगावास, गजानंद कुमावत, पवन जोशी, मधु कुमावत, इन्दिरा गठाला, पवन मोदी, जितेन्द्र कारंगा,बाबू सिंह बाजौर, तहसीलदार दांतारामगढ़ महिपाल राजावत सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929